रोहतक
शुक्रवार, 2 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 91
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 41.2
न्यून. 20.9

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

5 बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग को मिला खेल रत्न

आईपीएल में आज

गुजरात टाइटन्स V/S सनराइज हैदराबाद
: समय : 7.30 PM
: स्थान : अहमदाबाद

खबर संक्षेप

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन

नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का अहमदाबाद में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं। करीब 90% तक जलने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। अंततः उन्होंने अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में अंतिम सांस ली।

जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2.37 लाख करोड़ पर

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर लगभग 2.37 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह मजबूत आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के मार्च के अंत में खातों के मिलान को दर्शाता है। जीएसटी संग्रह बीते वर्ष अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा था। भाषा

अवैध निर्माण के मामलों में अदालतें सख्त रुख अपनाएं

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को अनधिकृत निर्माण के मामलों से निपटने में 'सख्त रुख' अपनाना चाहिए तथा ऐसे ढांचों के न्यायिक नियमितीकरण में शामिल नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि कानून को इस तरह का उल्लंघन करने वालों के बचाव में नहीं आना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से 'दंड से मुक्ति की संस्कृति पनप सकती है।' भाषा

अब वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 14.50 रुपये सस्ता

नई दिल्ली। विमान ईंधन की कीमत में 4.4 प्रतिशत की कटौती की गई। यह एक महीने के भीतर दूसरी बड़ी कटौती है। इसके अलावा होटलों एवं रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 14.50 रुपये प्रति सिलेंडर कम कर दी गई। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत अब 1,747.50 रुपये और मुंबई में 1,699 रुपये है। भाषा

नीट पर भ्रामक सूचना देने वाले 106 टेलीग्राम चैनल चिह्नित किए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक के बारे में फर्जी दावों पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने गलत सूचना फैलाने में शामिल 106 टेलीग्राम और 16 इंस्टाग्राम चैनलों की पहचान की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। नीट को लेकर चिंताओं को साझा करने के लिए एनटीए ने यह जानकारी दी है। भाषा

देश में एक राज्य, एक आरआरबी योजना लागू

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कहा, 1 मई से एक राज्य एक आरआरबी योजना लागू होने के साथ ही 700 जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं वाले 28 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) देशभर में काम करेंगे। 'एक राज्य एक आरआरबी' के अंतर्गत 11 राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों के 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को राज्य/केंद्र शासित क्षेत्र में एकल आरआरबी में समाहित कर दिया गया है। भाषा

पीएम मोदी ने मुंबई में पहले वेव्स सम्मेलन का किया उद्घाटन

चार मई तक चलेगा यह सम्मेलन

भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का यह सही समय, मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है, हमें अधिक संवेदनशील बनना होगा

मुंबई (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मुंबई में पहले 'विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम ने कहा कि 'भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन' का सही समय है जब दुनिया कहानी कहने के नए तरीके तलाश रही है और भारत के पास इस दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, 'मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है।' पीएम मोदी ने कहा कि वेव्स एक ऐसा ग्लोबल प्लेटफॉर्म है, जो आप जैसे हर आर्टिस्ट, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए आइडिया के साथ क्रिएटिव वर्ल्ड के साथ जुड़ेगा। वेव्स क्रिएटिविटी का अथाह संसार है। अभी और लहरें आना बाकी हैं।

भारत पैवेलियन देश में हुए महत्वपूर्ण नवाचार को दर्शा रहा



कलात्मक परंपराओं को प्रदर्शित कर रहा

मोदी ने कहा कि वेव्स में भारत पैवेलियन 'कला से कोड तक' विषय वाला मंडप भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को दर्शाता है। देश की कलात्मक परंपराओं को प्रदर्शित करता है जो लंबे समय से रचनात्मकता, सद्भाव और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रतीक रही हैं। भारत पैवेलियन देश में हुए महत्वपूर्ण नवाचार को दर्शाता है। मंडप में चार क्षेत्र हैं जो आगंतुकों को भारत की कहानी कहने की परंपराओं की निरंतरता से परिचित कराते हैं। 'ओम की प्रतिध्वनि से लेकर तबले की थाप तक, भीमबेटका के उत्कीर्ण प्रतीकों से लेकर आज के डिजिटल स्क्रीन तक, नटराज के नृत्य से लेकर सिनेमाई ब्लॉकबस्टर तक, यह मंडप इस बात का जीवंत संग्रह होगा कि भारत ने किस प्रकार वैश्विक कहानी को आकार दिया और अभी भी दे रहा है।'

भारत नवाचार का वैश्विक केंद्र

'वेव्स' का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने रचनात्मक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और मानवीय संवेदनाओं को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। 1 मई से शुरू हुआ सम्मेलन 4 मई तक चलेगा।

वैश्विक प्रतिभाओं को लाने की क्षमता

मोदी की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वेव्स' में ऐसे समय में एक मंच पर वैश्विक प्रतिभाओं को लाने की क्षमता है, जब भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है।

सिनेमा की 5 हस्तियों के डाक टिकट लॉन्च

पीएम ने सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

सीएम सैनी बोले-पंजाब में चुनाव नजदीक आ रहे, इसलिए सारा खेल किया जा रहा, घटिया राजनीति न करें मान

भगवंत बोले-हरियाणा को 8500 क्यूसिक पानी देने का फैसला, पंजाब के अधिकारों पर डाका, यह बर्दाश्त नहीं

भाखड़ा डैम पर फोर्स तैनात, पानी पर हरियाणा और पंजाब आमने-सामने

बीबीएमबी ने भाखड़ा डैम के डायरेक्टर को हटाया, हरियाणा को 8500 क्यूसिक पानी दिया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भाखड़ा नहर के पानी को लेकर हरियाणा और पंजाब अब खुलकर आमने-सामने आ गए हैं। दोनों प्रदेशों के बीच जुबानी जंग चरम पर है। इसी बीच भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) ने भाखड़ा डैम के डायरेक्टर (वाटर रेगुलेशन) इंजीनियर आकाशदीप सिंह को हटा दिया है। वे पंजाब कोटे से बीबीएमबी में तैनात थे, इस पर पंजाब ने कड़ी आपत्ति जताई है। आकाशदीप की जगह इंजीनियर संजीव कुमार को डायरेक्टर रेगुलेशन लगाया गया है। संजीव हरियाणा कोटे से नियुक्त किए गए हैं। आदेश में दावा किया गया है कि फैसला आकाशदीप की ही बोर्ड में नियुक्त हैं। संजीव पहले डैम सेफ्टी डायरेक्टर थे। दूसरी तरफ, बीबीएमबी पर पंजाब की ओर से गुरुवार पुलिस अफसरों ने काफी संख्या में फोर्स तैनात कर है। डैम का कंट्रोल रूम पंजाब पुलिस ने संभाल लिया है। पुलिस ने स्थानीय प्रशासन से कंट्रोल रूम की चाबी ले ली है। बता दें कि इस विवाद को लेकर बुधवार शाम बीबीएमबी की आपात मीटिंग हुई थी, जिसमें यह फैसला लिया गया कि हरियाणा के लिए साढ़े 8500 क्यूसिक पानी दिया जाएगा। अधिकारियों को इस बारे में आदेश भी दिए गए। यह मीटिंग केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल के आदेश पर हुई। हालांकि पंजाब सरकार के प्रतिनिधि ने इसका विरोध किया। जबकि, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि फैसले के पक्ष में रहे।

पानी छोड़ने पर पंजाब को कड़ी आपत्ति

बीबीएमबी ने हरियाणा को 8,500 क्यूसेक देने फैसला किया। इस कदम का पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कड़ा विरोध किया है। मान ने कहा है कि वह पंजाब के अधिकारों पर 'डाका' बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में पंजाब के अधिकारियों ने हरियाणा को अधिक पानी छोड़ने पर कड़ी आपत्ति जताई और दावा किया कि पड़ोसी राज्य पहले ही अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर चुका है। पंजाब सरकार के अधिकारियों ने यह भी तर्क दिया था कि पोंग और रंजीत सागर बांधों में पानी का स्तर पिछले साल की तुलना में कम है।

केंद्र-हरियाणा पंजाब के खिलाफ एकजुट

मान ने सोशल 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पंजाब और पंजाबियों के हक का पानी बीबीएमबी के जरिए हरियाणा को देने के फैसले का पूरा पंजाब कड़ा विरोध करता है। केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार पंजाब के खिलाफ एकजुट हैं। हम किसी भी कीमत पर भाजपा द्वारा अपने अधिकारों पर एक बार फिर 'डाका डालना' बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा कभी भी पंजाब और पंजाबियों की नहीं हो सकती।'भाजपा की केंद्र सरकार की तरफ से पंजाब के पानी को लेकर एक और गंदी चाल चली जा रही है।

कोई भी बलिदान देने के लिए तैयार : आप

कैबिनेट मंत्री और आप की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कहा, 'हम भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा बीबीएमबी की बांह मरोड़ने और हरियाणा को पंजाब के हिस्से से अतिरिक्त 8500 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए मजबूर करने के फैसले के खिलाफ कोई भी बलिदान देने के लिए तैयार हैं। भाजपा की 'गुंडागर्दी' का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।'

सीएम सैनी बोले-पानी पर सारे दल हमारे साथ

हरियाणा के हिस्से का पानी रोके जाने पर स्पेशल विस सत्र बुलाए जाने के मुद्दे पर नायब सैनी ने कहा कि पानी के मसले पर सभी पार्टी और विपक्ष के सभी नेता हमारे साथ हैं, इसलिए इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं हैं। अब क्योंकि पंजाब में विधानसभा का चुनाव नजदीक है। इसलिए यह सारा खेल किया जा रहा है। उन्होंने कहा आप नेता पानी के मसले पर घटिया राजनीति न करें, क्योंकि पंजाब गुरुओं की धरती है, जिन्होंने दुश्मनों को भी पानी पिलाने का काम किया हरियाणा तो फिर भी छोटा भाई है।

गंदी राजनीति कर रही पंजाब की आप सरकार : वर्मा

पंजाब सरकार हरियाणा और दिल्ली का पानी रोककर गंदी राजनीति पर उतर आई है। दिल्ली में हारने के बाद अब वे राजधानी में जल संकट पैदा करना चाहते हैं। अब ये गंदी राजनीति बंद करो, वरना आप को पंजाब में पूछने वाला कोई नहीं होगा।

ताजमहल के पांच किमी के दायरे में हमारी अनुमति के बिना पेड़ न काटें

सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए कड़े निर्देश | आगरा को आधुनिक शहर बनाने की दलील खारिज | ताजमहल के आसपास हरियाली को नुकसान न पहुंचाया जाए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित विश्व प्रसिद्ध ताजमहल के 5 किलोमीटर के दायरे में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया। ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) का मामला शीर्ष अदालत के समक्ष विचारणीय है। इसके तहत लगभग 10,400 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र है, जो उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस और एटा जिलों और राजस्थान के भरतपुर जिले में फैला हुआ है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किलोमीटर के दायरे से परे, लेकिन टीटीजेड के भीतर के पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) की पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी और अधिकारी उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्य करेंगे।

यह भी कहा पीठ ने

पीठ ने कहा, 'जहां तक ताजमहल के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्रों का सवाल है, तो 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। यह अदालत केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति से सिफारिश मांगेगी और उसके बाद पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी।' शीर्ष अदालत ने कहा, 'जब तक पेड़ों की कटाई अत्यंत आवश्यकता न हो, प्रभागीय वन अधिकारी को यह शर्त लगानी होगी कि पेड़ों की कटाई तभी की जा सकती है, जब प्रतिपूरक वनरोपण सहित अन्य सभी शर्तों का अनुपालन कर लिया जाए।'

कटाई की अनुमति से पहले शर्तों का पालन करें

पीठ ने डीएफओ या सीईसी को निर्देश दिया कि वे पेड़ों की कटाई की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करें। न्यायालय ने कहा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि अपवाद केवल तभी लागू होगा जब पेड़ों की कटाई अत्यंत आवश्यक हो। जैसे पेड़ों की कटाई तत्काल नहीं की गई तो मानव जीवन की हानि की संभावना हो सकती है।' अदालत ने सीईसी से एक रिपोर्ट मांगी है, जिसमें यह बताया जाए कि क्या दो अन्य विश्व धरोहर इमारतों आगरा किला और फतेहपुर सीकरी की सुरक्षा के लिए कोई अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस बीच, अदालत ने आगरा स्थित एक न्यास की एक अन्य याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें निजी भूमि पर लगे पेड़ों की कटाई के लिए पूर्व अनुमति लेने की शर्त में ढील देने की मांग की गई थी।

एनआईए कोर्ट का फैसला

आतंकी तहव्वुर राणा के वॉयस व हैंडराइटिंग सैंपल लेने की मंजूरी

नई दिल्ली(भाषा)। दिल्ली की एक अदालत ने एनआईए को 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की इजाजत दे दी है। एनआईए स्पेशल कोर्ट के जज चंद्रजीत सिंह ने यह फैसला दिया। राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से भारत लाया गया था। एनआईए की एक टीम उसे लाने गई थी। प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ था। भारत लाने के बाद 10 अप्रैल को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में उसे पेश किया गया था। उसके बाद उसे एनआईए की कस्टडी में भेज दिया गया था।

26/11 मामले में दिल्ली स्पेशल कोर्ट का फैसला

भीषण हादसा

अजमेर के होटल में आग लगने से 4 की मौत, 7 लोग घायल

जयपुर (भाषा)। अजमेर शहर के डिग्गी बाजार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक होटल में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों में दो पुरुष, एक महिला और चार साल का एक बच्चा शामिल है। उन्होंने बताया कि वे अजमेर दरगाह पर जियारत करने के लिए अजमेर आए थे। उनके मुताबिक, पांच मंजिला होटल के कुछ मेहमानों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई। अधिकारियों ने बताया कि जिस होटल में आग लगी वह नगर निगम के नियमों के विरुद्ध बनाया गया है।

- मरने वालों में दो पुरुष, एक महिला और एक बच्चा
- कई लोगों ने पांच मंजिला होटल से कूदकर बचाई जान

आरबीआई के निर्देश

एटीएम से पैसे निकालना और महंगा, शुल्क दो रुपये बढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)। बैंक ग्राहकों के लिए एटीएम से पैसे निकालना बृहस्पतिवार से महंगा हो गया है। अब बैंक महीने में मुफ्त निकासी सीमा खत्म होने पर ग्राहकों से प्रति नकद निकासी पर 23 रुपये शुल्क वसूल सकते हैं। इससे पहले बैंकों को मुफ्त निकासी सीमा से अधिक लेनदेन पर 21 रुपये तक शुल्क लेने की अनुमति थी। एटीएम से निर्धारित सीमा से अधिक निकासी पर लगने वाले शुल्क से संबंधित आरबीआई के निर्देश बृहस्पतिवार से लागू हो गए हैं। ग्राहक एटीएम से हर महीने पांच मुफ्त लेनदेन (वित्तीय एवं गैर-वित्तीय लेनदेन समेत) के लिए पात्र हैं।

नकद निकासी पर 23 रुपये वसूल सकेंगे

सूची बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध

यूएमसी केसों की सुनवाई 6 और 7 को शिक्षा बोर्ड मुख्यालय पर

भिवानी (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. डॉ. पवन कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि सेकंडरी, सीनियर सेकंडरी और डीएलएड परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन सम्बन्धी केस (यूएमसी) दर्ज हुए थे, ऐसे परीक्षार्थियों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बोर्ड मुख्यालय, भिवानी पर 6 व 7 मई प्रातः 9.00 बजे बुलाया है। 6 मई को सीनियर सेकंडरी (शैक्षिक) एवं डी.एल.एड. के परीक्षार्थियों व छात्र-अध्यापकों की व 7 मई को सेकंडरी व सीनियर सेकंडरी के परीक्षार्थियों की व्यक्तिगत सुनवाई की जाएगी।

- 6 मई को सीनियर सेकंडरी एवं डी.एल.एड. और 7 मई को सेकंडरी व सीनियर सेकंडरी ओपन की सुनवाई

केदारनाथ के कपाट आज खुलेंगे

केदारनाथ मंदिर को 10 हजार किलो फूलों से सजाया गया

देहरादून(एजेंसी)। चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं, केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे। बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है। शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इस ऐतिहासिक मंदिर को 10 हजार किलोग्राम फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। शृंगार वडोदरा और कोलकाता के कारीगर कर रहे हैं।

8 राज्यों और तीन देशों से मंगवाए गए फूल

शीर्ष कोर्ट ने कहा, यह संवेदनशील समय, पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट

पहलगाम हमले की न्यायिक जांच से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार, पूछा-क्या आप सुरक्षाबलों का मनोबल गिराना चाह रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह संवेदनशील समय है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। क्या आप सुरक्षाबलों को मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर आप हाईकोर्ट जा सकते हैं। इसके बाद तीन याचिकाकर्ताओं में से एक ने याचिका वापस ले ली।

इन्होंने दायर की याचिका

कश्मीर के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने यह जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार का भी नाम है। याचिका में ये भी कहा गया है कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा पूरी तरह बंद

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर केंद्र द्वारा अल्पकालिक वीजा वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद दोनों देशों के बीच अटारी-वाघा सीमा पारगमन स्थल को बृहस्पतिवार को पूरी तरह से बंद कर दिया। सात दिनों में देश छोड़ने वाले पाकिस्तानियों की कुल संख्या 911 हो गई। बुधवार को पाकिस्तानी वीजा वाले 15 भारतीय नागरिक भी पाकिस्तान चले गए, जिससे ऐसे लोगों की कुल संख्या 23 हो गई। इसी प्रकार दीर्घकालिक भारतीय वीजा वाले 152 भारतीय नागरिक और 73 पाकिस्तानी नागरिक अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में प्रवेश कर चुके हैं।

सीआरपीएफ जवान की पत्नी को नहीं भेजा जाएगा पाकिस्तान

अमृतसर। जम्मू में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान मुनीर खान की पाकिस्तानी पत्नी मीनल अहमद खान को पाक डिपोर्ट नहीं किया गया। उन्हें अमृतसर स्थित अटारी बॉर्डर ले जाया गया था, जहां से उन्हें पाकिस्तान भेजा जाना था, लेकिन कोर्ट से डिपोर्टेशन पर रोक लगा दी। यह राहत भाजपा प्रवक्ता और एडवोकेट अंकुर शर्मा की ओर से कानूनी दखल के बाद मिली है, जिन्होंने मीनल के पक्ष में जम्मू की भलवाल कोर्ट में अपील दायर की थी।

खबर संक्षेप

अब ऊर्जा विभाग की दो सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में

चंडीगढ़। ऊर्जा विभाग की दो सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की अधिसूचना के अनुसार मुख्य बिजली निरीक्षक द्वारा नई लिफ्ट का पंजीकरण 30 दिन के अन्दर जबकि लिफ्ट का नवीनीकरण 15 दिन के अन्दर किया जाएगा। इन दोनों सेवाओं के लिए कार्यकारी अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। शिकायत निवारण के लिए मुख्य बिजली निरीक्षक को प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी जबकि ऊर्जा विभाग के सचिव को द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी बनाया गया है।

जल संकट पर सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि सिरसा जिले में पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए कदम उठाया जाए क्योंकि जिला में अधिकतर जलघरों की डिग्गियां सूखी पड़ी है और फिलहाल नहरों में जो पानी छोडा था वह टेल तक पहुंचा ही नहीं है। हालात ये है कि लोग 600 से 800 रुपये प्रति टैंकर पानी खरीदकर गुजारा कर रहे हैं।

बीबीएमबी जल विवाद, आप नेताओं पर जमकर बरसे सीएम सैनी, बोले

पंजाब में चुनाव आ गए हैं, घटिया राजनीति पर उतर आए आप नेता

योगेंद शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

बीबीएमबी जल विवाद को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने आप नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भगवंत मान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करें। आज तक के इतिहास में इस पानी को लेकर विवाद नहीं हुआ, लेकिन आपने पैदा कर दिया। सैनी ने कहा कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है, कल अगर जरूरत पड़ी, तो हम पंजाब को अपने हिस्सा का भी काम करेंगे। पहले दिल्ली विस चुनावों में अपनी राजनीति चमकाने के लिए इन लोगों ने पानी के अंदर जहर मिलाने के आरोप केजरीवाल ने कही थी। सीएम नायब सैनी ने चुटकी लेते हुए कहा कि इब भगवंत मान तो बेचारा बैठया, पिछै तो केजरीवाल पर्चियां लिख लिखकर दे रहा है। सैनी ने हमला बोला व कहा कि केजरीवाल ने जमकर सब्जबाग दिखाने का काम किया है। शाम को दो यार इकट्ठा बैठ जाते हैं..सीएम बोले मुझसे ज्यादा मत बुलवाओ, आज तक के इतिहास में पानी नहीं रोका गया। अब अपनी कमियों को छिपाने के लिए अकाली दल पर आरोप लगा रहे हैं। 9 हजार क्यूसेक पानी अप्रैल मई और जून में हर साल यह दिया जाता है, जिसमें 4 हजार क्यूसेक हरियाणा को मिलता है। गर्मी में डिमांड ज्यादा होने के कारण इस पानी से दिल्ली को 5 सौ, राजस्थान 8 सौ क्यूसेक, पंजाब को इसीमें 4 सौ क्यूसेक मिलता है। हरियाणा के पास तो 6800 क्यूसेक रह जाता है।

दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करें : सैनी

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानी के मामले में मान साहब को राजनीति नहीं करनी चाहिए अपने विवेक से काम करना चाहिए। मान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर का करें। सैनी ने कहा कि वे खुद और भगवंत मान गरीब परिवार हैं, जहां पर मां दो किलोमीटर मटके में पानी भरकर लाती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बृहस्पतिवार को पंजाब सीएम भगवंत मान पर जमकर बरसे साथ ही कई बार हास्य विनोद की बात करते हुए जमकर तंज किए कहा कि दिल्ली में भी सब्जबाग दिखाए थे, लेकिन वहां के लोगों ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। मुख्यमंत्री सैनी ने दलगत राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि पूर्व सीएम केजरीवाल और वर्तमान सीएम शाम को दो यार इकट्ठा हो जाते हैं।

> दिल्ली से पंजाब के लिए पर्ची लेकर कोई चलता है, शपथ किसी की होती है
>
> बीबीएमबी से अफसरों के तबादले पर सीएम नायब सैनी चुटकी लेते हुए नजर आए और कहा कि अफसरों का क्या है, बदलते रहते हैं? सैनी बोले बदलियां तो चलती रहती है, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जमकर चुटकी ली व बोले अधिकारी तो छोड़ो दो मिनट में मुख्यमंत्री बदले जाते हैं....गड्डी में बैठकर पर्चा लेकर कोई चलता है, शपथ कोई और लेता है।

श्रुति चौधरी

जनता को परेशान करके तमाशा न करे पंजाब सरकार

चंडीगढ़। हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने हरियाणा-पंजाब के पानी के मुद्दे को लेकर पंजाब सरकार से कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब आम आदमी पार्टी की सरकार थी तब तक पंजाब सरकार की ओर से पानी नहीं रोका गया अब जब दिल्ली आम आदमी पार्टी के पास नहीं है तब ऐसा तमाशा कर रहे हैं। श्रुति चौधरी ने बीबीएमबी की बैठक में पंजाब सरकार की ओर से किए गए अनुचित व्यवहार की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा को उसके हक का पानी मिलना चाहिए क्योंकि हर साल जैसी व्यवस्था ही अब भी वैसी ही है।

आज प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

चंडीगढ़। नगर पालिकाओ, परिषदों, नगर निगमो और फायर के कर्मचारी 2 मई को काले झंडे लेकर रोष प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी सभी अधिकारियों व पालिका सचिवों को 20 मई की राष्ट्रीयव्यापी हड़ताल व विभागीय मांगो को मनवाने के लिए आन्दोलन का नोटिस देंगे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसवीपी हिसार	भिवानी में सिटी एरिया में 4 अदद पार्कों में फुटपाथों का सौन्दर्यीकरण और रोशनी की व्यवस्था।	बंद होने की तिथि 05.05.2025	110.64 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9672809402 xenelecthisar@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/34358/I/88/6 दि. 01.05.25

जेल विभाग, हरियाणा

बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला

टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया में है। पदों का विवरण, उनकी योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

क्र. सं.	पदों का नाम	शैक्षणिक योग्यता और अनुभव	मासिक पारिश्रमिक
01.	प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर	स्नातक सहित ऐसे केन्द्रों का प्रबंधन करने का न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का अनुभव अथवा ऐसे केन्द्रों को चलाने के लिये प्रदर्शनीय क्षमता और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज रखने वाले।	30,000/-
02.	काउंसलर/सामाजिक कार्यकर्ता/मनोविज्ञानी/ सामुदायिक कार्यकर्ता	किसी संकाय में स्नातक सहित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। उसके पास एनआईएसडी द्वारा डी-एडिक्शन काउंसलिंग में तीन माह के प्रशिक्षण कोर्स का एक प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए और अंग्रेजी के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।	25,000/-
03.	नर्स/वार्ड ब्वॉय	नर्सों को ऑग्जीलियरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के रूप में क्वालीफाइड और किसी मान्यताप्राप्त सरकारी चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रशिक्षित होना चाहिए। **वार्ड ब्वॉय हेतु :-** 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अधिमानतः ऐसे केन्द्रों में अनुभवी। किसी आईआरसीए में नियुक्त वार्ड ब्वॉय को एनआईएसडी द्वारा प्रशिक्षित अवश्य होना चाहिए।	20,000/-
04.	सहकर्मी शिक्षक	साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार।	10,000/-

वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान :- प्रशासनिक कारणों की वजह से, जेलों में विभिन्न रिक्त अनुबंधात्मक पदों को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू की पूर्ववर्ती तिथि अर्थात 02.05.2025 को एतद द्वारा सम्बन्धित जेलों में 15.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे पुनर्निर्धारित किया गया है :-

क्र. सं.	जेल का नाम	पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।	पदों की सं.	अवधि
1.	सेंट्रल जेल, अम्बाला	काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01	एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है
2.	जिला जेल, कुरुक्षेत्र	काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	02	-उक्त-
3.	जिला जेल, पानीपत	प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर	01	-उक्त-
		काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	02	-उक्त-
		सहकर्मी शिक्षक	01	-उक्त-
4.	जिला जेल, गुरुग्राम	सहकर्मी शिक्षक	01	-उक्त-
5.	जिला जेल, फरीदाबाद	प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर	01	-उक्त-
		सहकर्मी शिक्षक	01	-उक्त-
6.	जिला जेल, झज्जर	काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01	-उक्त-
7.	जिला जेल, कैथल	नर्स / वार्ड ब्वॉय	01	-उक्त-
8.	जिला जेल, जीन्द	काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01	-उक्त-
9.	जिला जेल, नारनौल	सहकर्मी शिक्षक	01	-उक्त-
10.	जिला जेल, सोनीपत	काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01	-उक्त-

नियम एवं शर्तें ;

1. आवेदकों को 15.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त जेलों में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

आवेदन कैसे करें :- पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेलों में 15.05.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),
कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा

अनुलग्नक-III

आवेदन प्रपत्र

(अनुबंध आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन)

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1. पद जिसके लिये आवेदन कर रहे हैं _____
2. आवेदक का नाम _____ लिंग _____
3. पिता का नाम _____ माता का नाम _____
4. पति/पत्नी का नाम _____
5. जन्मतिथि _____ आयु _____
6. वैवाहिक स्थिति _____
7. डाक पता _____ पिन _____
8. स्थायी पता _____ पिन _____
9. ई-मेल पता _____
10. टेलीफोन नम्बर _____ मोबाइल नम्बर _____
11. शैक्षणिक / तकनीकी / व्यावसायिक योग्यता (हाई स्कूल और अधिक) : प्रमाण-पत्र संलग्न करें

योग्यता	बोर्ड/ विश्वविद्यालय / संस्थान	उत्तीर्ण वर्ष	प्रतिशत अंक	वर्ष

(संलग्न किये जाने प्रमाण : अंक तालिकाएं, डिग्री सर्टिफिकेट, पंजीकरण इत्यादि)

12. कम्प्यूटर स्किल्स
    एमएस ऑफिस / ई-मेल का वर्किंग नॉलेज हां/नहीं
    अंग्रेजी / हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान रखते हैं हां/नहीं
13. अनुभव (वर्तमान से पूर्ववर्ती तक) :-
    (पूर्ववर्ती अनुभव जैसे नियुक्ति पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, वेतन प्रमाण-पत्र इत्यादि का प्रमाण संलग्न करें)

पदनाम	संस्थान / संगठन का नाम	कार्य की प्रकृति	कार्य अवधि	
			से	तक

कोई अन्य जानकारी _____

घोषणा

मैं घोषणा करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। कोई जानकारी, यदि असत्य पाई जाती है, मेरी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

दिनांक : .....
स्थान : .....
आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच-1277/11/85/2026/34334/88/6 दि. 01.05.25

सीएम ने की समीक्षा, अधिकारियों को निर्देश बजट की घोषणाओं को समय पर पूरा करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित बजट अभिभाषण की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन घोषणाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य के लोगों को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। नायब सिंह सैनी, जो वित्त मंत्री भी हैं, ने इस वर्ष मार्च में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए राज्य बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थी। विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों

सैनी ने निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाया जाए। उन्होंने सभी जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन, एक्स-रे, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और ब्लड एनलाइजर जैसी डायग्नोसिटक सुविधाओं का विस्तार करने पर भी बल दिया।

ई-लाइब्रेरी बनाई जाएं

नायब सिंह सैनी ने कहा कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थान देने के लिए गांवों के नजदीक स्कूलों या अन्य भवनों में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाए। इन पुस्तकालयों में फर्नीचर और शीर्ष प्रकाशकों की पुस्तकें शामिल की जाए। इस वर्ष 15 अगस्त तक लगभग 950 ई-पुस्तकालयों का निर्माण पूरा होने की संभावना है।

डिपार्टमेंट आफ फ्यूचर' को मिले आयुक्त और निदेशक

चंडीगढ़। हरियाणा में नव-सृजित विभाग 'डिपार्टमेंट आफ फ्यूचर' को आयुक्त एवं सचिव तथा निदेशक मिल गए हैं। मत्स्य पालन तथा अभिलेखागार विभागों की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार को 'डिपार्टमेंट आफ फ्यूचर' के आयुक्त एवं सचिव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। कार्मिक, प्रशिक्षण एवं संसदीय कार्य विभाग के विशेष सचिव, निदेशक प्रशिक्षण (पदेन) तथा जांच अधिकारी, विजिलेंस डॉ. आदित्य दहिया को फ्यूचर विभाग के निदेशक का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

नोटिस

विषय- डी फ्रिज 2/ पोपकॉर्न मशीन/बड़ा फ्रिज/एक कूलर की नीलामी करवाने बारे।

श्री विरेन्द्र पुत्र सहीराम गावं पिलाना जिला रोहतक द्वारा दुकान नं0 01 दिनांक 24.05.2022 को बोली लगाकर 3 वर्ष के लिए किराये पर ली थी। परन्तु बोलीदाता द्वारा किराया ना भरने पर आगार द्वारा बनाई गई कमेटी द्वारा दुकान के सामान को जब्त कर लिया गया। दिनांक 15.05.2025 को उक्त सामान की नीलामी खुली बोली द्वारा की जानी है।

आदेशानुसार
महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन
चरखी दादरी

पीआरडीएच 1119/11/654/2026/34371/88/6 दि. 01.05.2025

हरियाणा राज्य परिवहन, कैथल।

विज्ञप्ति

शिक्षुता अधिनियम 1961 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रशिक्षुओं का चयन किया जाना है। चयनित प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण अवधि एवं प्रशिक्षण भत्ता शिक्षुता अधिनियम 1961 के अनुसार देय होगा। प्रशिक्षुओं का विवरण ट्रेडवाईज निम्न प्रकार से है-

Trade	Requirement	Trade	Requirement
Mechanic Motor Vehicle	18	Carpenter	01
Electrcian	06	Painter	02
Welder	03	COPA	01
Fitter	02	Tailor	01

Total Apprenticeship Requirement= 34

इच्छुक उम्मीदवार अपना रजिस्ट्रेशन व आवेदन ऑनलाईन वैबसाईट **(www.apprenticeshipindia.gov.in)** पर दिनांक 03.05.2025 से 10.05.2025 तक सांय 17:00 बजे तक कर सकते हैं। आवेदन के समय उम्मीदवार अपना फोटो, आधार नं०, आई०डी०, रिहायशी प्रमाण पत्र, मैट्रिक प्रमाण पत्र, आई०टी०आई० विभाग द्वारा जारी आई०टी०आई० की फाइनल मूल प्रमाण पत्र **(with marks)** ही अपलोड करें। अगर ऑनलाईन आवेदन में किसी भी प्रार्थी की माता का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि व नियुक्ति से पूर्व उसके दस्तावेजों के निरीक्षण उपरान्त कोई भी त्रुटि पाई जाती है तो उसका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा, दिनांक 10.05.2025 के पश्चात किए गए आवेदन मान्य नहीं होंगे। फाइनल लिस्ट जारी होने उपरान्त यदि आवेदक एक सप्ताह के अन्दर 2 अपनी उपस्थिति कार्यालय में नहीं देता है तो उसकी नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी। सफल प्रशिक्षुओं का चयन आई०टी०आई० मार्कशीट के अकों के अनुसार केवल मैरिट आधार पर ही किया जाएगा।

हस्ता/-महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन, कैथल।

पीआरडीएच 1119/11/653/2026/34347/88/6 दि. 01.05.2025

आरती राव ने दी जानकारी

कोरियावास के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ओपीडी शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में महेंद्रगढ़ जिले के कोरियावास स्थित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेडिसिन, ईएनटी, ऑर्थोपैडिक्स एवं मनोरोग से संबंधित ओपीडी सेवाएं शुरू हो गई हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से राज्य के हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज लोगों की जरूरतों को पूरा करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि लोगों को चिकित्सा सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करने की जरूरत न पड़े।

सीएम से मिलेगी एसोसिएशन

डॉक्टर्स की रिटायरमेंट उम्र 58 से बढ़ाकर 65 साल की जाए

चंडीगढ़। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की ओर से प्रदेश स्तरीय समारोह करके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखित में भेजकर मुलाकात के लिए वक्त मांगा है। मुख्यमंत्री की सहमति होने के साथ ही राज्य स्तर का यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र या करनाल में करने पर विचार मंथन हो रहा है। एसोसिएशन ने मांगों के बारे में भी इस पत्र में जिक्र किया है, जिन पर सहमति बन चुकी है। एसोसिएशन प्रधान डा. राजेश ख्यालिया, महासचिव अनिल यादव, डॉ. अमरजीत सिंह ने बताया कि मोहन लाल बड़ौली को भी पत्र सौंपा है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की कमी को देखते हुए रिटायरमेंट उम्र सीमा बढ़ाकर 65 करने की मांग की गई है। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 2016 में इसकी घोषणा की गई थी। जिसके बाद में कई राज्यों ने उम्र बढ़ा दी थी, लेकिन हरियाणा में नहीं।

खेल कैलेंडर जारी, पहले ही मिलेगी स्पर्धा की जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि हरियाणा खेल विभाग ने वर्ष 2025-26 में होने वाली राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का खेल कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर के जरिये खिलाड़ियों को पहले से ही प्रतियोगिताओं की जानकारी मिलेगी। गौतम ने बताया कि 16 से 18 मई, 2025 को राज्य स्तरीय अखाड़ा दंगल प्रतियोगिता होगी। इसी तरह से 6 से 8 जून को स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप, 20 से 22 जून को सीनियर स्टेट खेल महाकुंभ, 4 से 6 जुलाई को स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता और 18 से 20 जुलाई को स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप होगी। इसी तरह 1 से 3 अगस्त को स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता, 22 से 24 अगस्त को स्टेट स्विमिंग प्रतियोगिता, 5 से 7 सितंबर को स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता, 18 से 28 सितंबर को सीएम कप प्रतियोगिता और 10 से 12 अक्टूबर को स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता और 24 से 26 अक्टूबर को स्टेट जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र	पंचकूला जिले में कनीपला से डेरा बाजीगरान राजकीय विद्यालय तक रोड का मजबूतीकरण और हार्ड शोल्डरिंग सहित चौड़ा करना (रोड आईडी-10852)।	28.04.2025 13.05.2025	41.68 लाख	https://etenders.hry.nic.in	174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र	कुरूक्षेत्र जिले में अतिक्रमण क्षेत्र इस्माइलाबाद से नैसी वाया टाबरा (रोड आईडी-11868) आरडी कि.मी. 2.800 से 3.250 तक रोड का निर्माण।	28.04.2025 13.05.2025	38.88 लाख	https://etenders.hry.nic.in	174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प हिसार	हिसार में लघु सचिवालय कॉलोनी में जेडी, जेई, जेएफ, ई, एफ, डी टाइप क्वार्टर्स के लिए मेन निच का एस/आर और बी2, सी-टाइप क्वार्टर्स में एल्युमीनियम वायरिंग को कॉपर वायरिंग के साथ बदलना + 1 कार्य।	30.04.2025 07.05.2025	27.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in
4	लोनिवि भ व प फतेहाबाद	फतेहाबाद जिले में फतेहाबाद कि.मी. 0.00 से 7.05 (रोड आईडी 10170) में मिनी बाईपास पर 30 मिमी. बीसी का प्रावधान (सी.एम. घोषणा कोड सं. 27861 दिनांक 25.07.2024)।	28.04.2025 12.05.2025	201.55 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in
5	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल	हामिदपुर बंध की मरम्मत और पुनरोद्धार तथा अन्य सम्बद्ध कार्य (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र जिला महेन्द्रगढ़) + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 05.05.2025	161.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in
6	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल	सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान और ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग हेतु गांव तालाब धनताल को भरने के लिए 300 मिमी आई/डी डीआई के-9 प्रैशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना (धनताल नहरी जल संग्रहण टैंक की मौजूदा 300 मिमी आई/डी डीआई पाइप लाइन से ऑफटेकिंग) (नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र में) (अटल भू-जल योजना के तहत)।	बंद होने की तिथि 05.05.2025	33.96 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in
7	वन विभाग चरखी दादरी	वानिकी कार्य दादरी ब्लॉक न्यू प्लांटेशन + 2 अन्य कार्य।	28.04.2025 05.05.2025	55.47 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9968163096 dfodadri@yahoo.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/34360/I/88/6 दि. 01.05.25

खबर संक्षेप

चलती बस से गिरा यात्री चालक-परिचालक पर केस

सिरसा। नाथूसरी चोपटा पुलिस ने गांव शाहपुरिया निवासी चंद्रमोहन पुत्र बलराम की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में चंद्रमोहन ने बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में शिक्षक है। उसने बताया कि 28 अप्रैल की सायं उसे सूचना मिली कि उसका ताऊ ओमप्रकाश पुत्र पोहरका निवासी शाहपुरिया बस से गिरने के कारण सिविल अस्पताल में दाखिल है। उसने बताया कि सूचना मिलने पर वह सिविल अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर पर जाने की सलाह दी। जिस पर वह अपने ताऊ को उपचार के लिए जिंदल अस्पताल हिसार ले गया। उसने बताया कि अगले दिन उसने बालाजी सेवा समिति राम मंदिर ट्रस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की। जिसमें स्पष्ट नजर आ रहा है कि नाथूसरी कलां से हंजीरा मोड पर तेज गति से जा रही रोडवेज की बस की पिछली से उसका ताऊ नीचे गिरा। बस चालक और परिचालक उसके ताऊ को अस्पताल में दाखिल करवाने की बजाए मरने के लिए छोडक़र चले गए।

रेवाड़ी के कंवाली में प्रशासन के रात्रि ठहराव का नजारा, गेम का लुत्फ उठाते डीडीपीओ बने रहे आकर्षण का केंद्र

डीसी-एसपी जनसमस्याएं सुनने में 'व्यस्त' अधिकारी मोबाइल पर गेम खेलने में 'मस्त'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के लिए जिला प्रशासन की ओर से बुधवार देर सायं कंवाली गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे थे। डीसी और एसपी ग्रामीणों की समस्याएं सुनने में मशगूल रहे, तो मोबाइल फोन पर गेम खेलने वाले एक अधिकारी ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान इस अधिकारी ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम में अपना समय मोबाइल फोन पर गेम खेलने में बिताया। ऐसे में यह बात भी साफ हो गई कि एक ओर जहां उच्चाधिकारी अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से निभा रहे हैं, तो अधीनस्थ अधिकारी ऐसे कार्यक्रम का मजाक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। डीएसी अभिषेक मीणा और एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा अपनी टीमों के साथ कंवाली पहुंच गए थे। इससे पूर्व उन्होंने डहीना बीडीपीओ ऑफिस जाकर कर्मचारियों से कामकाज की जानकारी ली। निर्माणाधीन तहसील परिसर का

- ग्रामीणों ने अधिकारी का फोन पर गेम खेलते का वीडियो बनाया
- अधिकारियों की पहल का मजाक बना रहे अधीनस्थ कर्मचारी

रेवाड़ी। कार्यक्रम में जनसुनवाई के दौरान मोबाइल पर गेम खेलते डीडीपीओ।

मुआयना किया। इसके बाद कंवाली निवासी राष्ट्रपति सम्मान से नवाजे जा चुके वयोवृद्ध छाजूराम के घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके बाद रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं। उनका मौके पर समाधान किया गया। इससे पहले गांव में पहुंचकर डीसी व एसपी ने खेल मैदान में खेल गतिविधियों में भागीदार युवाओं व विद्यालय के विद्यार्थियों से परिचय लेते हुए उन्हें सकारात्मक संदेश के साथ जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। खेल गतिविधियां भी कार्यक्रम के दौरान आयोजित हुई। खेल मैदान में पौधरोपण भी किया गया। साथ ही डीसी ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन करते हुए ग्रामीणों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान डीडीपीओ नरेंद्र सारवान मोबाइल फोन पर गेम खेलने में मस्त रहे। कुछ ग्रामीणों ने अधिकारी के इस अंदाज का वीडियो भी बना लिया।

शिकायतों का समाधान

इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन आमजन तक सीधा संवाद करते हुए लोगों की शिकायतों का निदान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को सरकार की सेवाओं का लाभ प्रदत्त किया जा रहा है और लाभान्वित किया जा रहा है। शासन-प्रशासन की पहुंच आमजन तक सीधे हो इसी सोच के साथ जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि ठहराव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, जिला परिषद के सीईओ प्रदीप कुमार, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, डीएसपी डा. रविंद्र, सरपंच शीलवती, कर्णपाल चेयरमैन, युवा भाजपा नेता जगदीप शर्मा व कई विभागों के अधिकारी व स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

एसपी ने नशे की प्रवृत्ति रोकने पर दिया जोर

इस मौके पर एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि युवाओं में बढ़ती ड्रग्स की प्रवृत्ति को हर हाल में रोकना है। इसके लिए प्रशासन और आमजन को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि गांव में किसी व्यक्ति के ड्रग्स बेचे जाने की जानकारी मिलती है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस या जिला प्रशासन को दें। इससे उसके खिलाफ समय रहते ठोस कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने गांव में भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशन में आयोजित किए जा रहे यह रात्रि ठहराव कार्यक्रम आम जनमानस के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। कार्यक्रम में बताया कि ग्रामीणों की पीपीपी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उनका निर्धारित समय अवधि में निवारण किया जा रहा है। इस मौके पर डीसी और एसपी ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

डाकघर कर्मी से 4.66 लाख रुपये छीनकर युवक फरार

■ बैग में पैसे लेकर बुढ़ापा पेंशन बांटने जा रहा था

बवानीखेड़ा। गांव जमालपुर में दोपहर एक डाकघर कर्मचारी से दो युवक लगभग 4.66 लाख रुपये छीन कर भाग गए। पुलिस ने कर्मचारी की शिकायत पर दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बड़सी निवासी 30 वर्षीय विकास ने बताया कि वह जमालपुर के डाकघर में नौकरी करता है। वीरवार दोपहर वह नकदी लेकर लेकर निकटवर्ती गांव किरावड़ में बुढ़ापा पेंशन के रुपए लेकर डाकघर से अपने पिट्ठू बैग में डालकर अपने बाइक की तरफ जा रहा था। तभी अचानक बाइक पर सवार दो युवक अपना चेहरा ढके हुए थे। हांसी की तरफ से आए और जबरदस्ती उसका पिट्ठू बैग छीनकर

जांच करने पहुंची पुलिस टीम।

वापिस हांसी की तरफ अपने बाइक पर सवार होकर भाग गए। रुपए छिनने की घटना की सूचना 112 पर दी। इस बारे में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सैनी ने बताया कि डाकघर कर्मचारी की शिकायत पर 2 अज्ञात युवकों के खिलाफ रुपए छीनने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फेसबुक पर हथियार के साथ डाली फोटो, पिता और पुत्र पर केस दर्ज

फतेहाबाद। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई के एसपी द्वारा दिए निर्देशों के बाद सदर रतिया पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में बाप-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव लाम्बा, टिब्बा ढाणी निवासी रणजीत सिंह ने कहा है कि बलकरण सिंह पुत्र भगवत सिंह उसका खेत पड़ोसी है। बलकरण सिंह व उसका लडक़ा परमिन्द्र सिंह उर्फ पिन्दा दहशत पैदा करने के लिए अपने हथियारों का प्रयोग करते हैं। दोनों बाप-बेटा सोशल मीडिया पर हथियारों का नाजायज प्रदर्शन करत रहते हैं ताकि गांव के लोगों में दहशत बनी रही। परमिन्द्र ने अपने फेसबुक आईडी पर हथियारों सहित फोटो डाली हुई है।

खरकरामजी मंदिर के महंत से 20 लाख चौथ मांगने का आरोपी काबू

जींद। सदर थाना पुलिस ने गांव खरकरामजी मंदिर के महंत को धमकी देकर 20 लाख रुपये की चौथ मांगने तथा धमकी देने के मामले मे पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। महंत सुखबीर दास ने गत 14 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि होली पर्व पर काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं। लगभग एक महीना पहले गांव बिघाना निवासी सचिन उर्फ संचित मंदिर में आया था और चौथ की डिमांड की थी। जिस पर उसने चौथ देने से मना कर दिया था। गत 13 मार्च को वह मंदिर में सेवा पर लगा हुआ था। इस दौरान उसके मोबाइल फोन पर कॉल आई व आरोपी ने 20 लाख रुपये की चौथ मांगी।

ले. कमांडर दिव्या बनीं नौसेना की पहली महिला क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर

चरखी दादरी। जिले के गांव भागवी निवासी दलीप तक्षक के सुपौत्र प्रथम तक्षक की पत्नी लेफ्टिनेंट कमांडर दिव्या शर्मा ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने भारतीय नौसेना की पहली महिला क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) बनने का गौरव प्राप्त किया है। वायुसेना के प्रतिष्ठित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल (एफआईएस), एयरफोर्स स्टेशन तांबरम में उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की, जहां थलसेना, वायुसेना, नौसेना और तटरक्षक बल के 55 चुनिंदा पायलटों में उन्होंने कठिन प्रशिक्षण को शानदार प्रदर्शन के साथ पूरा किया। गौरतलब है कि लेफ्टिनेंट कमांडर दिव्या शर्मा भारतीय नौसेना अकादमी एझिमला की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने 25 जून 2018 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त किया था। वे भारतीय नौसेना में शामिल की गई पहली महिला पायलटों के अग्रणी दल की सदस्य रही हैं, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। उनकी कठिन प्रशिक्षण की यात्रा हैदराबाद, बेंगलुरु, कोच्चि और विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख सैन्य हवाई अड्डों से होते हुए उन्हें नई ऊंचाईयों तक ले गई है। अब क्यूएफआई बनने के बाद वे अगली पीढ़ी के सैन्य पायलटों को प्रशिक्षित करेंगी, जिससे भारतीय नौसेना की विमान शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। अधिवक्ता संजीव तक्षक ने बताया कि दिव्या शर्मा अंडमान निकोबार कमांड के पोर्ट ब्लेयर स्थित आईएनएस उत्क्रोश में तैनात है।

- जिले के गांव भागवी व प्रदेश के लिए गर्व का क्षण

MOFPI
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार
हरियाणा सरकार
PMFME सूक्ष्म उद्यमों का संबल
DIRECTORATE of MSME
सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए एक विशेष पहल
प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME)
अपने सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना करने या बढ़ाने के लिए 35% सब्सिडी प्राप्त करने के लिए आवेदन करें।
APPLY NOW
PMFME
PMFME योजना की पात्रता
- 18 वर्ष से ऊपर सभी भारतीय नागरिक
- व्यक्तिगत, गैर सरकारी संगठन, सरकारी समिति, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ. तथा एकल इकाई के तौर पर व्यक्तिगत, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ./प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आवेदन कर सकते हैं
- अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं
योजना की पात्रता
35% नए व मौजूदा निजी एवं समूह सूक्ष्म उद्यमों को सहायता - ऋण पूंजी पर 35% कैपिटल सब्सिडी (अधिकतम 10 लाख रुपये तक)
"हमारी सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से MSMEs को लगातार मजबूत कर रही है। भारत के MSMEs सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल सप्लाई और वैल्यू चेन को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी
इस योजना के अंतर्गत 1200 से अधिक इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है।
अधिक जानकारी के लिए
सम्पर्क करें
pmfme.haryana@gmail.com | +91 172 2996509 | pmfme.haryana
QR कोड स्कैन करें
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, हरियाणा
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in Follow us on @diprharyana

'विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) 2025

भारत का मीडिया व मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब डॉलर पार होगा: अंबानी

मुंबई (भाषा)। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और विभिन्न क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अंबानी का रिलायंस समूह भारत के सबसे बड़े मीडिया समूहों में से एक 'नेटवर्क 18' के साथ-साथ डिजिटल मंच, मनोरंजन चैनल तथा ऑनलॉइन मंच को नियंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि कहानी कहने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के मिश्रण ने रणनीतिक व आर्थिक अवसर उत्पन्न किया है। अंबानी ने 2025 'विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) के उद्घाटन सत्र में कहा, '' भारत का मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग आज 28 अरब अमेरिकी डॉलर का है। अगले दशक में यह 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। यह वृद्धि उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी, लाखों नौकरियां सृजित करेगी और सभी क्षेत्रों में

प्रभाव डालेगी।'' उन्होंने कहा कि भारत एक अग्रणी डिजिटल राष्ट्र बन गया है और कहानी कहने तथा डिजिटल प्रौद्योगिकियों का मिश्रण भारत के लिए अद्वितीय है। अंबानी ने कहा, '' इसने मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभवों के प्रभाव व पहुंच को कल्पना से परे कई गुना बढ़ा दिया है। कृत्रिम मेधा (एआई) और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) के उपकरण हमारी कहानियों को पहले से कहीं अधिक आकर्षक बना सकते हैं और उन्हें तुरंत विभिन्न भाषाओं, देशों एवं संस्कृतियों के दर्शकों तक पहुंचा सकते हैं।'' रिलायंस समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि इन उपकरणों में निपुणता हासिल कर भारत के बेहद प्रतिभाशाली युवा रचनाकार हिट फिल्मों के साथ वैश्विक मनोरंजन उद्योग पर राज करेंगे। उन्होंने कहा, '' ...हमारी कहानियां एकजुट करने, प्रेरित करने और समृद्ध बनानें की अपनी क्षमताओं के साथ बेहतर भविष्य की उम्मीद देती हैं।'' अंबानी ने कहा कि भारत का मनोरंजन और सांस्कृतिक उद्योग सिर्फ 'सॉफ्ट पावर' नहीं है यह वास्तविक शक्ति है। हमारी 5,000 वर्षों से अधिक पुरानी सभ्यता की विरासत में, हमारे पास रामायण व महाभारत से लेकर दर्जनों भाषाओं में लोककथाओं और ग्रंथ तक कालातीत कहानियों का विशाल खजाना है।

यूट्यूब की भारतीय 'कंटेंट' तैयार करने वालों पर 850 करोड़ रुपये निवेश की योजनाः सीईओ

मुंबई (भाषा)। वीडियो शेयरिंग मंच यूट्यूब ने भारतीय 'कंटेंट' तैयार करने वालों, कलाकारों और मीडिया कंपनियों की वृद्धि को तेज करने के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की योजना बनाई है। यूट्यूब के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नील मोहन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में यूट्यूब ने पूरे भारत में रचनाकारों, कलाकारों और मीडिया कंपनियों को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। पिछले साल भारत में तैयार वीडियो सामग्री (कंटेंट) को देश के बाहर के दर्शकों ने 45 अरब घंटे तक देखा। मोहन ने यहां विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन दिवस पर आयोजित एक सत्र में कहा, /''अगले दो वर्षों में यूट्यूब भारतीय रचनाकारों, कलाकारों और मीडिया कंपनियों की वृद्धि में तेजी लाने के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा।/'' उन्होंने कहा कि भारतीय 'कंटेंट क्रिएटर' इस बात का उदाहरण हैं कि भारत में क्या खास है और वह दुनिया के हर कोने में मौजूद दर्शकों के साथ इतिहास, संस्कृति और जुनून को साझा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक प्रकाश स्तंभ बना दिया है, जो उनकी खुद की उल्लेखनीय डिजिटल उपस्थिति से स्पष्ट है।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई.प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्रम संख्या	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
1	61246775A	इमरजेंसी बैटरी चार्जर (संशोधन–प्रथम के साथ)	150 नग	29/05/2025

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस संख्या– 1284/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) LCV1225623 (OCEAN LOGISTICS AND PACKERS) TATA MOTORS LPT 1109CH REG.NO.HR61D2715-YOM-2019 RESERVE PRICE -286953.84/-

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 16.05.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY). BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT: MR. PRADEEP MALIK / GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO.+91-9896009696 // 9671300231 EMAIL -pradeep.malik@kotak.com Goverdhan.Joshi@kotak.com

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोशन पुत्र** मोला राम, **निवासी** वी.पी.ओ.–पातुवास मेहराना, थाना–चरखी दादरी, जिला–भिवानी, हरियाणा, ने **FIR No. 255/16, U/S 279/337 IPC, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार, पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोशन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोशन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 255/16, U/S 279/337 IPC, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार, पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रोशन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–08 (पश्चिम),
कमरा नं.–30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5554/OD/2025 (Court Matter)

कॉग्निजेंट 2025 में 20,000 नए पेशेवरों की करेगी नियुक्ति

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी कॉग्निजेंट ने 2025 में 20,000 नए पेशेवरों को नियुक्त करने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य कंपनी के प्रतिभा ढांचे को नया आकार देने के साथ प्रबंधित सेवाओं और कृत्रिम मेधा आधारित सॉफ्टवेयर विकास को समर्थन देना है।

हालांकि कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या पिछली तिमाही की तुलना में लगभग 3,36,300 पर स्थिर रही। कंपनी की भारत में कर्मचारियों की संख्या अच्छी-खासी है। कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस. ने कहा, '' जैसा कि हमने निवेशक दिवस पर कहा था, हम अपनी रणनीति के तहत 20,000 नए पेशेवरों को नियुक्त कर रहे हैं जो पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। कुमार ने बताया कि इस वर्ष कंपनी अधिक संख्या में नए स्नातकों को नियुक्त करने की योजना बना रही है, ताकि अधिक मजबूत कार्यबल ढांचे का निर्माण किया जा सके। खासकर तब जब पिछले दो वर्षों में प्रबंधित सेवा परियोजनाओं में वृद्धि हुई है। सीईओ ने कहा कि कंपनी तीन क्षेत्रों...नए पेशेवरों (फ्रेशर्स) को काम पर रखने, कृत्रिम मेधा (एआई) के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने और मानव पूंजी लागत को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए उपयोग में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

शेयर बाजार अप्रैल में चुनौतियों से आगे निकला सेंसेक्स चार फीसदी उछला

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी सीमा शुल्क और भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीएसई सेंसेक्स में पिछले महीने करीब चार प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। घरेलू बाजार में विदेशी

संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वापसी, दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से अधिक बारिश होने के अनुमान और संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद ने इस सकारात्मक धारणा को बल देने का काम किया। इसके अलावा, पिछले कुछ महीनों में बाजार में आई गिरावट के बाद शेयरों के मूल्यांकन में आई नरमी ने भी खरीदारी को नए सिरे से बढ़ावा दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स पिछले महीने कुल 2,827.32 अंक यानी 3.65 प्रतिशत बढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 814.85 अंक यानी 3.46 प्रतिशत चढ़ा। इस तेजी के बीच अप्रैल महीने में निवेशकों की संपत्ति 10.37 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,23,24,763.25 करोड़ रुपये (4.98 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। यह लगातार दूसरा महीना है जब सेंसेक्स एवं निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए हैं। मार्च के महीने में भी सेंसेक्स में 4,216.82 अंक यानी 5.76 प्रतिशत और निफ्टी में 1,394.65 अंक यानी 6.30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी।

भारत की जीडीपी 6.7 फीसदी के बीच ही बढ़ेगी : डेलॉयट

नई दिल्ली (एजेंसी)। डेलॉयट ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि के 6.5 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि बजट में प्रदान

किए गए कर प्रोत्साहन से अनिश्चित वैश्विक व्यापार वातावरण के बीच घरेलू मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। डेलॉयट के भारत अर्थव्यवस्था परिदृश्य में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया। साथ ही कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक परिदृश्य उभरते व्यापार संबंधों तथा घरेलू उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों के बीच एक नाजुक संतुलन पर टिका है। इसमें कहा गया, '' चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दो विरोधी ताकतों पर निर्भर करेगा।'' पहला कारक उपभोक्ता खर्च बढ़ाने के उद्देश्य से कर प्रोत्साहन का सकारात्मक प्रभाव होगा (जैसा कि केंद्रीय बजट 2025 में घोषित किया गया है)। दूसरा एवं विरोधी कारक, वैश्विक व्यापार तंत्र में अनिश्चितता है जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित नकारात्मक प्रभाव होगा। इसमें कहा गया, '' कर प्रोत्साहन और व्यापार अनिश्चितताओं के परस्पर प्रभाव से चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 6.7 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुलदीप, पुत्र श्री गज्जन सिंह निवासी झिमवेरहेरी, थाना ताहेवा, जिला कुरूक्षेत्र, हरियाणा** ने **FIR No. 314/2020 U/S 279 IPC,** अन्तर्गत **थाना अलीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 314/2020 U/S 279 IPC,** अन्तर्गत **थाना अलीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुलदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री रूबी नीरज कुमार
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर, न्यायालय संख्या 115, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/5510/ON/2025(Court Matter)

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATA SFC 609 CBC (BHARDWAJ TRANSPORT AND TRAVELS) REG. NO.-HR46F7931 -YOM- 2020
2)MAHINDRA AND MAHINDRA CB MM SUPRO MAXI TRUCK (MONTI KUMAR) REG. NO.-HR46F3066-YOM- 2021
3) TATA LPT 1918 (SHREE SHYAM LOGISTICS INDIA) REG. NO.-RJ32GD0784 -YOM- 2022
4) TATA ACE(NAVEEN) REG. NO.-HR69E3648 -YOM- 2022
5) ASHOK LEYLAND DOST(PARDEEP) REG. NO.-HR69E1954 -YOM- 2022
6) TATA LPT 1615 CAB CHASSIS GOODS (AMAYRA ENTERPRISE) REG. NO.-HR69E5318-YOM- 2022
7) MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (M R CHEMICAL FACTORY) REG. NO.-HR67C7539 -YOM- 2020
8) MARUTI SUPER CARRY (ASISH KUMAR) REG. NO.-HR69E4936 -YOM- 2022
9) AL4019 (PAWAN RUHIL) REG. NO.-HR63D0136 -YOM- 2017
10) PRO_2114_CABIN_CHASSIS (MARUTI LOGISTICS) REG. NO.-HR61D8128 -YOM- 2021
11)ASHOK_LEY AL4923(SUNIL KUMAR) REG. NO.-HR66B1989-YOM- 2017
12) BB3123RCBR (LATHWAL CONSTRUCTION CO.) REG. NO.-HR69D2328 -YOM- 2018
13) TATA ACE (PARAS SHARMA) REG. NO.-HR39F2441 -YOM- 2023
14) TATA LPT 3118/52 COWL CHASSIS GOODS (SANDEEP) REG. NO.-HR74A9740 -YOM- 2015
15) TATA ACE(SANGEETA RANI) REG. NO.-HR47E3160 -YOM- 2021
16) JCB3DX(RANBIR) REG. NO.-HR79A1965 -YOM- 2017
17) TATA_HITACHI_SHINRAI_BX80_ BACKHOE _LOADER (NIHAN INFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED) REG. NO.-HR06BD4437 -YOM- 2023
18) MAHINDRA JEETO (ROHTASH) REG. NO.-HR66C4850 -YOM- 2022
19) MARUTI_SUPER_CARRY_CNG (VINISH SUNDER) UN-REG. NO.
20) MARUTI_SWIFT_CAR (PRAVESH) REG. NO.-HR19T8244 -YOM- 2024
21) TATA2518LPT (BADLU) REG. NO.-RJ11GC0943-YOM-2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 08.05.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY). BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com

आईटी के ईआरपी, डीएसएम, एचआईएमएस के बाद अब बैंकिंग के लिए भरुवा सॉल्यूशंसका

नई दिल्ली। पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने एआई-संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360° बैंकिंग ईआरपी सिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की।

यह अगली पीढ़ी का प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रीय, सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान, समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भरुवा का अत्याधुनिक सीबीएस प्लेटफ़ॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं:1.भाषा समावेशिता-भारत की भाषाई विविधता के साथ, अधिकांश बैंकिंग सेवाएँ अंग्रेजी तक ही सीमित हैं। बीएसपीएल का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है, उदाहरण के लिए, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी - सभी नागरिकों के लिए पहुँच और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करता है। ज्यादा सुरक्षा- प्लेटफ़ॉर्म में डेटा, लेन-देन और डिजिटल इंटरैक्शन के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक एआई और साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं।

बीते वित्त वर्ष सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से कुल निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली (भाषा)। भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 825 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष में वैश्विक व्यापार बाधाओं के बावजूद सेवा निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ इसके 386.5 अरब डॉलर तक पहुंचने के कारण कुल निर्यात बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। रिजर्व बैंक द्वारा मार्च के सेवा निर्यात के आंकड़े जारी करने के बाद, 15 अप्रैल को घोषित वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश के कुल निर्यात अनुमान को संशोधित कर 824.9 अरब डॉलर कर दिया गया है। इससे पहले इसके 820.93 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया गया था। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल निर्यात 778.13 अरब डॉलर का हुआ था। आंकड़ों से पता चला है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सेवा निर्यात 13.6 प्रतिशत बढ़कर 387.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 341.1 अरब डॉलर था। मार्च में, सेवा निर्यात 18.6 प्रतिशत बढ़कर 35.6 अरब डॉलर रहा, जबकि मार्च 2024 में यह 30 अरब डॉलर था। निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले मुख्य क्षेत्रों में दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवाएं, परिवहन, यात्रा और वित्तीय सेवाएं शामिल हैं। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, '' भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 6.01 प्रतिशत बढ़कर ऐतिहासिक 824.9 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष में 778.1 अरब डॉलर था।''

अडानी पावर ने चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2025 के नतीजे घोषित किए

अहमदाबाद। अदानी पावर लिमिटेड, अदानी पोर्टफोलियो कंपनियों का एक हिस्सा ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, अदानी पावर लिमिटेड के सीईओ, एस बी ख्यालिया ने कहा, "अदानी पावर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बेहतर परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है, जो अदानी पोर्टफोलियो कंपनियों की ताकत और लचीलेपन को सही ढंग से प्रदर्शित करता है। जैसे-जैसे हम क्षमता विस्तार के अगले चरण में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, हम अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को तेज करने और प्रमुख मापदंडों में अपने क्षेत्रीय नेतृत्व का विस्तार करने के लिए पूंजी और लागत दक्षता को प्राथमिकता दे रहे हैं। हम व्यवसाय को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए अपनी गहरी, क्रॉस-डोमेन विशेषज्ञता का उपयोग कर रहे हैं ताकि लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देना जारी रखा जा सके।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	गांव खेड़ी साध, वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में डेयरी वाली गली के निकट प्रदीप के मकान से ओल्ड पुराना बलियाना रोड तक ड्रेन का निर्माण + 6 कार्य।	30.04.2025 07.05.2025	38.29 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34343/I/88/6 दि. 01.05.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका नांगल चौधरी	सात वर्ष हेतु नांगल चौधरी में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एम.एस. डब्ल्यू. का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों हस्तांतरण स्टेशन प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन।	बंद होने की तिथि 15.05.2025	312 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9996613540 [illegible]
2	नगर पालिका नांगल चौधरी	शमशान घाट रोड नोलयाजा वार्ड नं. 5 के लिए चारदिवारी / टो वॉल + 21 कार्य।	बंद होने की तिथि 07.05.2025	2.04 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	9996613540 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34369/I/88/6 दि. 01.05.25

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	यूएचबीवीएन	NITNO.01/XEN/ BERI 2025-26	एनआईटी सं. 01/एक्सईएन/बेरी के तहत एसडीओ (ओपी) एस/डिवी. यूएचबीवीएन मातनहेल हेतु प्रयोजन के लिए वाहन को किराये पर लेने हेतु निविदा इंक्वायरी की प्राप्ति और खुलना अब आगे 05.05.2025 तक बढ़ा दिया गया है।	www.uhbvn.org.in	9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in
2	यूएचबीवीएन	NITNO.02/XEN/ BERI 2025-26	एनआईटी सं. 02/एक्सईएन/बेरी के तहत एक्सईएन (ओपी) डिवी. बेरी हेतु प्रयोजन के लिए वाहन को किराये पर लेने हेतु निविदा इंक्वायरी की प्राप्ति और खुलना अब आगे 05.05.2025 तक बढ़ा दिया गया है।	www.uhbvn.org.in	9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34361/I/88/6 दि. 01.05.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	बॉयलर में फ्यूअल फायरिंग (चावल-भूसा), चावल भूसा का यार्ड से बॉयलर के फायरिंग प्वाइंट तक हस्तांतरण, राख को हटाने और ट्रैक्टर-ट्रॉली/पैल्लीज इत्यादि द्वारा संयंत्र परिसरों से बाहर किसी नामांकित स्थान तक राख को फैंकने के लिए जॉब-अनुबंध के लिए लेबर का प्रावधान।	01.05.2025 07.05.2025	डीएनआईटी के अनुरूप	vitaindia@gmail.com	9896401185 Vitarohtak@gmail.com
2	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	दुग्ध संयंत्र, रोहतक में पाउच पैकिंग में मीठे स्वाद वाला स्कीम्ड मिल्क पाउडर की पैकिंग के प्रचालन व रखरखाव और जॉब वर्क (सरकारी स्कीम के तहत मिड डे मील और आंगनवाड़ी केन्द्रों को आपूर्ति के लिए)।	01.05.2025 07.05.2025	डीएनआईटी के अनुरूप	vitaindia@gmail.com	9896401185 Vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34362/I/88/6 दि. 01.05.25

क्रेडिफिन का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में बढ़कर 1.67 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन लि. का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 80.92 प्रतिशत बढ़कर 1.67 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में यह 92.10 लाख रुपये था।क्रेडिफिन (पूर्व में पीएचएफ लीजिंग लि.) की आय मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 79.86 प्रतिशत बढ़कर 19.63 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 10.91 करोड़ रुपये थी।पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 32.16 प्रतिशत बढ़कर 5.14 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 3.89 करोड़ रुपये था।जालंधर मुख्यालय वाली एनबीएफसी की कुल आय आलोच्य वित्त वर्ष में 82.82 प्रतिशत बढ़कर आलोच्य वित्त वर्ष में 63.38 करोड़ रुपये रही जो 2023-24 में 34.67 करोड़ रुपये थी। कंपनी की प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 31 मार्च, 2024 को बढ़कर 350.77 करोड़ रुपये रही ।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हरियाणा में 5जी एफडब्ल्यूए सेगमेंट में जियो एयर फाइबर का दबदबा

चंडीगढ़। रिलायंस जियो ने हरियाणा में 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) सेगमेंट में अपना प्रभुत्व और मजबूत कर लिया है। राज्य में जियो एयर फाइबर, जो की जियो की 5जी एफडब्ल्यूए सेवा है, ने इस सेगमेंट की ग्राहक बाजार हिस्सेदारी का 84.9% हिस्सा हासिल कर लिया है। यह जानकारी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा फरवरी 2025 के महीने के लिए जारी नवीनतम ग्राहक डेटा रिपोर्ट के अनुसार है। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 28 फरवरी 2025 तक जियो एयर फाइबर के साथ 1.5 लाख से अधिक ग्राहक जुड़े, जबकि एयरटेल 27,457 ग्राहकों के साथ कहीं पीछे रहा। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा में कुल 5जी एफडब्ल्यूए ग्राहक संख्या 1.8 लाख से अधिक है।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

वृष — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

सिंह — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।



कन्या — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

तुला — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

वृश्चिक — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

धनु — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

मकर — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

शब्द पहेली - 5854



बाएँ से दाए-
1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -5853 का हल





गुजरात को प्लेऑफ के लिए जीत जरूरी, हैदराबाद के लिए आज करो या मरो मैच

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पिछले मैच में मिली हार से उबरकर गुजरात टाइटंस अब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने उतरेगी जबकि सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना होगा।

गुजरात टाइटंस इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से है जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके।

फार्म में गुजराती खिलाड़ी

गुजरात के साइ सुदर्शन पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाकर आरेंज कैप ले चुके हैं। वहीं कप्तान गिल ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं जो इस सत्र में शीर्ष सात बल्लेबाजों में हैं। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की तेज तिकड़ी प्रभावी रही है। स्पिनरों में राशिद खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फॉर्म में लौटकर 25 रन देकर दो विकेट लिए जबकि वॉशिंगटन सुंदर से उन्हें अच्छा सहयोग मिला।

हार से सनराइजर्स दौड़ से होगा बाहर

सनराइजर्स के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्षक्रम की नाकामी से मध्यक्रम पर दबाव बना जिसमें हेनरिक क्लासेन, नीतिश कुमार रेड्डी और ईशान किशन फॉर्म में नहीं हैं। पिछले दो मैचों में अभिषेक दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके जबकि हेड ने आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।

अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का भारी जुर्माना

चेन्नई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में चार विकेट से मिली जीत में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की मीडिया सूचना में कहा गया, 'यह आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत इस सत्र में टीम का धीमी ओवरगति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिए श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।'

अय्यर और प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों और युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के दम पर पंजाब ने चेन्नई को चार विकेट से हराकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
मुंबई	11	7	4	14
बेंगलुरु	10	7	3	14
पंजाब	10	6	3	13
गुजरात	9	6	3	12
दिल्ली	10	6	4	12
लखनऊ	10	5	5	10
कोलकाता	10	4	5	9
राजस्थान	11	3	8	6
हैदराबाद	9	3	6	6
चेन्नई	10	2	8	4

आरेंज कैप

साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप

जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

खबर संक्षेप

वेव्स चैंपियनशिप में खेलेंगे डेनियल, तेजस

मुंबई। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ द्वारा आयोजित की जा रही वेव्स ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में डेनियल पटेल और तेजसकुमार भोई भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप के भारत चरण में विजेता बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय चरण में पटेल और भोई पांच अन्य देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत चरण में कुल 35,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें से ईफुटबॉल और विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप 3 दो खिताबों के लिए शीर्ष आठ प्रतिभागियों में से क्रमशः पटेल और भोई विजेता बने। ईफुटबॉल के विजेता पटेल का सामना मलेशिया, लाओस और थाईलैंड जबकि भोई का सामना नेपाल, श्रीलंका के प्रतिद्वंद्वियों से होगा।

मुनोज आई-लीग सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

नई दिल्ली। श्रीनिधि डेक्कन एफसी के शानदार स्ट्राइकर डेविड कास्टानेडा मुनोज को गुरुवार को आई लीग सत्र 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने भले ही नौवें स्थान पर लीग का समापन किया लेकिन मुनोज ने 22 मैच में 17 गोल करके सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। इंडियन वुमैन्स लीग में गोकुलम केरल एफसी की फजीला इक्वापुट लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष स्कोरर रहीं और उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार मिला। फजीला ने 24 गोल किए जिससे केरल की टीम 14 मैच में 29 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाली ईस्ट बंगाल (37 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रही।

पथिराना की गेंदों को भांपने लगे हैं बल्लेबाज

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहे मथीषा पथिराना का बचाव करते हुए कहा है कि विरोधी बल्लेबाज अब उनकी गेंदों को समझने लगे हैं और उसे बेहतर खेल पा रहे हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई बुधवार को पंजाब सुपर किंग्स से मिली हार के बाद आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई।

इंडियन्स पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंची

मुंबई ने लगाया जीत का 'छक्का', रॉयल्स को 100 रन से हरा प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया

एजेंसी ▶▶| जयपुर

रेयान रिकल्टन और रोहित शर्मा के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के तूफान से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 100 रन से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। शुरुआती पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने वाले मुंबई के 11 मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम इतने ही मुकाबलों में छह अंक के साथ आठवें स्थान पर है और प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। मुंबई के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कर्ण शर्मा (23 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (15 रन पर दो विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (28 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। रॉयल्स की ओर से सिर्फ जोफ्रा आर्चर (30) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। कप्तान रियान पराग 16 रन बनाकर दूसरे शीर्ष स्कोरर रहे। रिकल्टन ने 38 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 61 रन की पारी खेलने के अलावा रोहित (53 रन, 36 गेंद, नौ चौके) के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर मुंबई को बेजोड़ शुरुआत दिलाई। कप्तान हार्दिक पंड्या (नाबाद 48, 23 गेंद, छह चौके, एक छक्का) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 48, 23 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने इसके बाद अंतिम ओवरों में 44 गेंद में 94 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर दो विकेट पर 217 रन तक पहुंचाया। रॉयल्स की ओर से महेश तीक्षणा (47 रन पर एक विकेट) और पराग (12 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया लेकिन सभी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पावर प्ले के भीतर ही 47 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी (00) पारी की चौथी ही गेंद पर दीपक चाहर का शिकार बने। उन्होंने विल जैक्स को कैच थमाया। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13) ने अगले ओवर में बोल्ट पर दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। नितीश राणा (09) भी एक रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब चाहर की गेंद पहली स्लिप में रोहित ने उनका कैच टपका दिया। नितीश हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और अगले ओवर में बोल्ट की गेंद पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। बुमराह ने इसके बाद लगातार गेंदों पर पराग (16) और हेटमायर (00) को पवेलियन भेजा। पराग ने मिड विकेट पर रोहित को कैच थमाया जबकि हेटमार गेंद को सूर्यकुमार के हाथों में खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में पांच विकेट पर 62 रन बनाए। शुभम दुबे (15) ने कोर्बिन बॉश पर चौका और छक्का जड़ा लेकिन हार्दिक की पहली ही गेंद पर लॉन्ग ऑन पर बोल्ट को आसान कैच थमा बैठे। ध्रुव जुरेल (11) ने कर्ण पर छक्का मारा लेकिन इसी स्पिनर को वापस कैच देकर पवेलियन लौट जिससे टीम का स्कोर सात विकेट पर 76 रन हो गया। कर्ण ने इसके बाद महेश तीक्षणा (02) और कुमार कार्तिकेय (02) की पारी का भी अंत किया।



भारतीय मुक्केबाजों ने जीते चार और स्वर्ण

एशियाई अंडर-15, अंडर-17 चैंपियनशिप में रहे तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय मुक्केबाजों ने पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के आखिरी दिन चार और स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। भारत ने कुल 15 स्वर्ण, छह रजत और 22 कांस्य पदक जीते और कजाखस्तान तथा उजबेकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रहा। टूर्नामेंट के आखिरी दिन भारत के अंडर 17 दल ने चार स्वर्ण पदक जीते और चारों पदक लड़कियों को मिले। खुशी चंद (46 किलो) ने मंगोलिया की अल्तांजुल अल्तांगादास को 3-2 से हराया जबकि आहना शर्मा (50 किलो) और जन्नत (54 किलो) ने उजबेक प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। अंशिका ने 80 प्लस किलोवर्ग में जोर्डन की जाना अलालावनेह को हराकर भारत को एक और स्वर्ण दिलाया।लड़कों के अंडर 17 वर्ग में देवांश (80 किलो) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिन्हें फाइनल में कजाखस्तान के मुखामेदाली रुस्तेमबेक ने 5-0 से हराया। भारतीय अंडर 17 लड़कों की टीम ने एक रजत और छह कांस्य पदक जीते।

सुपरबेट शतरंज में तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

वारसॉ। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव ने खिताब जीता। ग्रैंड शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। फेडोसीव ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए और उनका कुल स्कोर 36 में से 26.5 रहा। उन्हें जीत के साथ 40000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर मिले। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव दूसरे और प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव को 30000 डॉलर और प्रज्ञानानंदा को 25000 डॉलर मिले।

चोटिल मैक्सवेल आईपीएल से बाहर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स के आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी टीम ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मैक्सवेल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण धुले पिछले मैच से पहले चोट लगी थी। उस मैच में वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। उनकी जगह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल रात को सूर्यांश शेडगे ने खेला जिसमें पंजाब को चार विकेट से जीत मिली। पंजाब किंग्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, 'ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण सत्र के बाकी मैचों से बाहर। हम उन्हें जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'मैक्सवेल के साथी आस्ट्रेलियाई और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर मार्कस स्टोइनिस ने चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले 'जियोस्टार' से कहा था, 'बदकिस्मती से मैक्सवेल की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया है। उसे लगा नहीं था कि चोट इतनी गंभीर होगी लेकिन यह है। उसका स्कैन कराया गया और नतीजा अच्छा नहीं है। लगता है कि वह अब आगे इस टूर्नामेंट में नहीं खेल सकेगा।'पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, 'हम विकल्प पर फैसला लेंगे।'

विग्नेश पुथुर बाहर रघु होंगे विकल्प

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने लेग स्पिनर रघु शर्मा को चोटिल विग्नेश पुथुर की जगह टीम में शामिल किया। पुथुर मौजूदा सत्र के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। केरल के बाएं हाथ के स्पिनर पुथुर दोनों पिंडलियों में हड्डी के तनाव के कारण बाहर हो गए हैं। 31 वर्ष के शर्मा मुंबई की सहयोगी गेंदबाजी ईकाई का हिस्सा हैं जो अब मुख्य टीम से जुड़ेंगे। वह घरेलू क्रिकेट में पंजाब और पुडुच्चेरी के लिए खेल चुके हैं।

खास खबर

बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग को मिला खेल रत्न



नई दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को गुरुवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा।

भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते दो कांस्य

लीमा। भारत ने आईडब्लूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत करते हुए दो कांस्य पदक जीते। ज्योशना साबार ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में कुल 129 किलो (56 और 72) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बुधवार को क्लीन और जर्क में रजत पदक जीता था। युवा लड़कों के 49 किलो वर्ग में हर्षवर्धन साहू ने 197 किलो वजन (87 और 110) उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लीन और जर्क में भी कांस्य जीता था। विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन और जर्क और कुल तीन पदक दिए जाते हैं।

चेलसी ने लगातार छठी बार जीता महिला सुपर लीग खिताब

मैनचेस्टर। चेलसी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया जो इस सत्र का उनका दूसरा खिताब है। दूसरे स्थान पर काबिज आर्सनल के एस्टोन विला के हाथों 5-2 से हारने के बाद चेलसी ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से हराकर नौ अंक की अजेय बढ़त बना ली। अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। चेलसी ने इस सत्र में लीग कप पहले ही जीत लिया है और एफए कप फाइनल में पहुंच गई है जहां उसका सामना 18 मई को वेम्बली स्टेडियम में मैनचेस्टर युनाइटेड से होगा।

JINDAL PANTHER™
JINDAL STEEL & POWER

जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Tel: +91 11 4146 2000 | Fax: +91 11 2616 1271 | Email: jsplinfo@jindalsteel.com
Website: www.jindalsteel.com
jsplcorporate | Jindal Steel & Power Ltd. | jsplcorporate | jsplcorporate

सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47 (1)(बी)
31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(शेयर और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 31 मार्च 2025	समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2024	समाप्त तिमाही 31 मार्च 2024	वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2025	वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2024
		अंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	13,254.94	11,777.05	13,521.31	49,932.48	50,183.36
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	1,301.26	1,199.42	1,163.52	5,573.00	6,241.27
3	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	71.81	1,199.42	1,163.52	4,343.55	6,241.27
4	कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	(303.59)	950.88	933.46	2,845.68	5,943.32
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	(405.02)	737.73	914.88	2,608.84	5,926.87
6	भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के)	101.18	101.18	100.24	101.18	100.24
7	अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-	47,083.70	44,215.77
8	अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)					
	बेसिक :	(3.35)	9.39	9.34	27.83	59.15
	डायल्यूटेड :	(3.35)	9.39	9.34	27.83	59.15

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज(एस) की वेबसाइट (www.bseindia.com / www.nseindia.com) के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.jindalsteel.com) पर उपलब्ध है और निम्नलिखित क्विक रेस्पॉंस कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।
2. इन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 30 अप्रैल 2025 को आयोजित इसकी बैठक में ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 30 अप्रैल 2025 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े (रु. करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 31 मार्च 2025	समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2024	समाप्त तिमाही 31 मार्च 2024	वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2025	वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 मार्च 2024
		अंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	टर्नओवर	13,086.59	11,451.60	13,788.45	48,932.41	49,766.17
2	कर से पूर्व लाभ/(हानि)	174.74	1,473.09	1,761.80	4,847.08	7,150.70
3	कर के बाद लाभ/(हानि)	107.53	1,162.77	1,281.53	3,621.18	5,273.30

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 01 मई, 2025

बोर्ड के आदेशानुसार
सब्यसाची बंद्योपाध्याय
पूर्णकालिक निदेशक

चिंतन

भारत को वैश्विक केंद्र बनाएगा 'वेव्स'

विश्व के पहले दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन का भारत में होना इस क्षेत्र में हमारी अहमियत को दर्शाता है। एक मई से चार मई तक होने वाले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। सिनेमा, ओटीटी, सोशल मीडिया, वेबसाइट्स, रेडियो, मीडिया आदि उद्योग में अपार संभावनाएं हैं, अच्छे कंटेंट की हमेशा चुनौतियां हैं, इस क्षेत्र को गति देने की जरूरत है, एआई (आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस) जैसे टूल आने से सुविधा के साथ दिक्कतें भी बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले वेव्स सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है। पीएम का संदेश साफ है कि संवेदनशीलता के साथ मनोरंजन किया जाना चाहिए। हिंसा, अश्लीलता और रोबोटिक मनोरंजन से समाज निर्माण की यात्रा आगे नहीं बढ़ सकती है। दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन उद्योग को रचनात्मक जिम्मेदारी निभानी होगी। हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। पीएम की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं, जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। दरअसल, रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है। 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है, यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। वेव्स से भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम से दुनिया भर से निर्माता, कंटेंट बनाने वाले, फिल्म जगत व गेमिंग उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने की पहल की गई है। 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट' (वेव्स) फिल्मों, ओटीटी (ओवर द टॉप), गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स - एक्सटेंडेड रियलिटी), प्रसारण एवं उभरती हुई तकनीक को एक मंच प्रदान करेगा और खुद को भारत के मीडिया एवं मनोरंजन कौशल के व्यापक प्रदर्शन के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य 2029 तक 50 अरब अमेरीकी डॉलर के बाजार को सबके लिए खोलना तथा वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार करना है। भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगा। एआई और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी। वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।

अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से मजबूत है और पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत के पास दुनिया का कूटनीतिक समर्थन है और इन सबके साथ-साथ भारत की आर्थिकी दमदार और मजबूत है। इन आधारों पर भारत पाकिस्तान से सभी प्रकार के युद्ध में विजेता बनते हुए दिखाई दे सकेगा। वस्तुतः इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025 में यद्यपि दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार नीति में बदलाव के कारण विकास दर घटकर सिर्फ 2.3 फीसदी रह सकती है। पूरे दक्षिण एशिया में विकास दर 5.6 फीसदी रहने की संभावना है। कुछ देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भारी कर्ज और महंगे खाद्य पदार्थों के चलते दबाव में रह सकते हैं, लेकिन टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत में आर्थिक वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिजर्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। भारत अपने मजबूत स्थानीय और घरेलू बाजार से किसी भी आर्थिक झटके का सामना करते हुए आगे बढ़ने की संभावना रखता है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है। 9 अप्रैल को आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 6 फीसदी कर दिया है। साथ ही अब रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई है। अब तक ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ़ने से विकास दर को गति दी जा सकेगी। निसंदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। भारत का शेयर बाजार दूसरे देशों की तुलना में बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। रुपया मजबूत हो रहा है। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लम्बे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों जैसी वस्तुओं के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। इन सबके साथ-साथ भारत ट्रंप के टैरिफ की चुनौती के मुकाबले के लिए आर्थिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ा है।

निसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) के साथ ही कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान देना होगा। ऐसे विभिन्न रणनीतिक कदमों से भारत की घरेलू आर्थिकी और मजबूत बनेगी तथा ऐसे में पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में भारत की घरेलू आर्थिकी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार बनेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है।

जयंती विशेष

श्वेता गोयल

महाकवि सूरदास के गीतों में बसी है भक्ति की चमक

भारतीय साहित्य के विशाल आकाश में भक्तिकाल एक ऐसा युग रहा है, जिसने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया बल्कि भाषा, भाव और लोकसंस्कृति को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की। इस युग में कई संत-कवि हुए, जिन्होंने अपने जीवन और काव्य से समाज को भक्ति, प्रेम और मानवता की राह दिखाई। इन्हीं महान संत कवियों में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के परम उपासक, भक्तिकाल के महाकवि, महान संत सूरदास जी का स्थान सर्वोच्च है। सूरदास केवल एक कवि नहीं थे, वे एक ऐसे भाव-सम्राट थे, जिन्होंने हिन्दी काव्य को भाव, भाषा और भक्ति की त्रिवेणी से अभिसिंचित किया। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष यह 2 मई को मनाई जा रही है। सूरदास जयंती केवल एक कवि के जन्म की स्मृति नहीं है बल्कि उस प्रेमधारा का उत्सव है, जो उन्होंने अपने शब्दों से प्रवाहित की थी। सूरदास का जन्म 1478 ईस्वी के आसपास एक ब्राह्मण परिवार में हुआ माना जाता है। उनके जन्मस्थान को लेकर कई मत हैं लेकिन अधिकांश विद्वान मानते हैं कि उनका जन्म उत्तर प्रदेश के रुनकता या सीही नामक स्थान पर हुआ था। यह भी कहा जाता है कि वे जन्म से अंधे थे, हालांकि कुछ विद्वानों का मत है कि उन्होंने युवावस्था में दृष्टि खोई। तथ्य चाहे जो भी हो, यह निर्विवाद सत्य है कि सूरदास ने अपने भीतर जो दृष्टि अर्जित की थी, वह सामान्य दृष्टि से कहीं अधिक तीव्र और व्यापक थी। उन्होंने जो देखा, वह आंखों से नहीं, हृदय से देखा। उन्होंने जो अनुभव किया, वह आत्मा से किया और उन्होंने जो रचा, वह कालातीत बन गया। सूरदास की ख्याति विशेष रूप से उनके कृष्णभक्ति पर आधारित काव्य के कारण है। उन्होंने बालकृष्ण की लीलाओं को जिस प्रकार चित्रित किया है, वह भारतीय साहित्य में अद्वितीय है। बाल गोपाल के जन्म से लेकर उनके यशोदा से नटखट संवाद, गोपियों के साथ रास, माखन चोरी, और राधा-कृष्ण के प्रेम का जो भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण वर्णन सूरदास ने किया है, वह केवल वर्णन नहीं बल्कि अनुभूति है। यह वह अनुभूति है, जिसे पढ़ते हुए पाठक स्वयं उस संसार में प्रवेश कर जाता है, जहां गोविंद हैं, गोपियां हैं, यमुना का तट है, वृंदावन का कुंज है और वहां एक दिव्य प्रेम का आलोक फैला हुआ है। महाकवि सूरदास एक महान कवि और संगीतकार थे, जिन्होंने कान्हा की भक्ति में कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी। वे अपनी कविताओं, गीत और दोहों के लिए ही प्रसिद्ध हुए। सूरदास के भक्तिमय गीत आज भी हर किसी को मोहित करते हैं। सूरसागर, सूरसावली, साहित्य लहरी, नल दमयंती और ब्याहलो सूरदास जी की प्रमुख रचनाएं हैं। सूरदास की भाषा ब्रजभाषा थी, जो उस समय केवल लोक की भाषा मानी जाती थी लेकिन सूरदास ने इस भाषा को वह गरिमा प्रदान की कि वह हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा बन गई। उनकी रचनाओं में ब्रजभाषा की मिठास, उसकी लयात्मकता और भाव सम्प्रेषण की क्षमता को नए आयाम मिले। उनका काव्य सरल होते हुए भी अत्यंत गहन है। उसमें कहीं भी दुरूहता नहीं है, न ही दार्शनिक भारीपन। वह सीधा हृदय को स्पर्श करता है। सूरदास के काव्य का सबसे प्रमुख संग्रह 'सूरसागर' है, जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके प्रेम प्रसंगों तक का सुंदर वर्णन मिलता है। सूरसागर केवल एक काव्य ग्रंथ नहीं बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसमें भक्ति, प्रेम, दर्शन और मानवीय भावनाओं की समस्त छवियां एकत्रित हैं। उनके पदों में लोक और लीलाओं का अद्भुत सामंजस्य है। एक ओर वे कृष्ण को बालक के रूप में गोदी में खेलते दिखाते हैं तो दूसरी ओर वे उन्हें ब्रह्म का साक्षात रूप बताते हैं। यह द्वंद्व ही सूरदास की काव्य शक्ति का प्रमाण है। कहा जाता है कि श्रीकृष्ण के परम भक्त सूरदास बचपन से संत प्रवृत्ति के थे। इन्हें गाने की कला वरदान स्वरूप मिली थी और अपनी गायन की कला के चलते ही वे जल्द ही प्रसिद्ध हो गए। उसके बाद वे आगरा के पास गऊघाट पर रहने लगे। वहीं उनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई। वल्लभाचार्य ने ही सूरदास जी को पुष्टिमार्ग की दीक्षा दी और श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन करवाया। वल्लभाचार्य ने इन्हें श्रीनाथ जी के मंदिर में लीला गान का दायित्व सौंपा, जिसे सूरदास जी जीवन पर्यंत निभाते रहे। महाकवि सूरदास हमारे लिए केवल अतीत की विभूति नहीं, वर्तमान का प्रकाश और भविष्य की दिशा हैं।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित

दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा

संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

अंतर्मन



आज की पाती

पूरा प्रतिपक्ष सरकार के साथ है

पहलगाम पर पाकिस्तानी उग्रवादियों के हुए हमले के विषय में लगभग समस्त भारत प्रधानमंत्री और भारत सरकार के साथ एकमत होते हुए साथ खड़ा है। लगभग सारा इंडिया गठबंधन भी केंद्र सरकार के साथ रहकर हर समर्थन और सहयोग करने को एकदम तैयार है। इन विशिष्ट हालात में स्थानीय नेताओं द्वारा कोई भी विवादास्पद और अप्रिय बयान कभी नहीं दिए जाने चाहिए। ऐसी बातें राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बदनाम और असहज ही करती हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के देश के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपना स्पष्ट मत देश के सामने रख दिया है। लोकसभा और राज्यसभा के प्रतिपक्ष के सभी नेताओं ने भी प्रधानमंत्री का इस विषय में पूरा समर्थन कर दिया है, तो स्थानीय नेताओं को भी भ्रामक और विवादास्पद बातें कहने-लिखने से परहेज करना होगा।

– प्रकाश गुप्ता, भाटापारा

करंट अफेयर

रूस के लिए लड़ते उ. कोरिया के 4700 सैनिक मारे गए

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने सांसदों को बताया कि अनुमान है कि रूस के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ते हुए उत्तर कोरिया के 4,700 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के इस आकलन से दो दिन पहले उत्तर कोरिया ने पहली बार पुष्टि की थी कि उसने रूस को कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर फिर से कब्जा करने में मदद करने के लिए अपने लड़ाकू सैनिकों को भेजा था, जिस पर पिछले साल अचानक यूक्रेन के घुसपैठ के कारण रूस का नियंत्रण खत्म हो गया था। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सेओंग क्वेउन के अनुसार, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने बंद कमरे में संसदीय समिति की बैठक में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर उत्तर कोरिया के 600 सैनिक मारे गए और 4,700 सैनिक हताहत हुए हैं। ली ने संवाददाताओं को बताया कि एनआईएस ने कहा कि जनवरी और मार्च के बीच घायल 2,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों को हवाई मार्ग से या ट्रेन से उत्तर कोरिया वापस भेजा गया। उन्होंने एनआईएस का हवाला देते हुए कहा कि युद्ध में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों का अंतिम संस्कार रूस में किया गया था, उसके बाद उनके अवशेष वापस घर भेजे गए।



ऑफ बीट

सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

ट्रेंड

महाराष्ट्र दिवस

भारत के विकास में हमेशा अहम भूमिका निभाने वाले राज्य महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जब महाराष्ट्र के बारे में सोचते हैं तो इसका गौरवशाली इतिहास और लोगों का साहस हमारे दिमाग में आता है। यह राज्य प्रगति का एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

'जातीय जनगणना' सही

देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम है। बीएसपी इसकी माँग काफी लम्बे समय से करती रही है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

क्या यही है लोकतंत्र

सरकार ने 4 पीएम जैसे नेशनल चैनल को बिना किसी कारण बंद करवाकर ये साफ़ कर दिया है कि उसे जनता के सवालों से डर लगता है। क्या यही है 'लोकतंत्र'? मीडिया को दबाना मतलब जनता की आवाज को कुचलना है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

सार्थक तरीका अपनाएं

शासन का मतलब सिर्फ सत्ता नहीं बल्कि करुणा से शुरू होता है, हमारे आस-पास के संघर्षों को देखने की इच्छा से, उनसे इस तरह जुड़ने की इच्छा से जैसे कि वे हमारे अपने हों, और उन्हें संबोधित करने के लिए सार्थक तरीके से कार्य करें।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

कांग्रेस और भाजपा में लगी फैसले पर श्रेय लेने की होड़, जड़े एक दूसरे पर आरोप

जाति जनगणना के फैसले ने असली इरादों और खोखली नारेबाजी के बीच अंतर साफ किया : प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नयी दिल्ली, एक मई (भाषा) केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के सरकार के फैसले ने ''असली इरादों और खोखली नारेबाजी'' के बीच के अंतर को उजागर किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान ने इस कदम को ''पासा पलटने वाला फैसला'' बताया जिसका कई विपक्षी दलों ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा, ''इस महत्वपूर्ण फैसले ने हमारे असली इरादों और विपक्ष की खोखली नारेबाजी के बीच के अंतर को उजागर किया है। हालांकि अधिकतर विपक्षी दलों ने इसका स्वागत किया है।'' उन्होंने कहा, ''जाति जनगणना का यह निर्णय अचानक नहीं लिया गया है।

हमारी सभी कार्यक्रमों और योजनाओं का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय

हमारे सभी कार्यक्रमों और योजनाओं का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय रहा है। समाज के सभी वर्गों को वैज्ञानिक तरीके से लाभ, सुविधाएं और सहूलियत प्रदान करना हमारा उद्देश्य रहा है।'' सरकार ने एक बड़े फैसले के तहत बुधवार को घोषणा की कि आगामी जनगणना में जाति गणना को ''पारदर्शी'' तरीके से शामिल किया जाएगा। सरकार ने यह घोषणा करते हुए जाति सर्वेक्षणों को ''राजनीतिक उपकरण'' के रूप में इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की। कांग्रेस सहित विपक्षी दल देश भर में जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं और इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया गया है। बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ राज्य पहले ही ऐसे सर्वेक्षण कर चुके हैं। प्रधान ने जाति जनगणना की घोषणा का श्रेय लेने के लिए कांग्रेस पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, ''जब कल यह फैसला लिया गया, तो कुछ लोग नाराज हो गए। उन्होंने कहा, 'सरकार उनकी (सत्तारूढ़ पार्टी) है, लेकिन व्यवस्था हमारी (विपक्ष की) है।'' उन्होंने कहा, ''सामाजिक न्याय को पटरी पर लाने के लिए 1977 की जनता पार्टी सरकार के तहत मंडल आयोग का गठन किया गया था। भाजपा का पूर्ववर्ती जनसंघ इस सरकार का हिस्सा था।

खरगे बोले- जाति जनगणना के लिए समयसीमा तय हो

जाति जनगणना के लिए पर्याप्त धन आवंटित करे सरकार

बेंगलुरु (भाषा)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार द्वारा घोषित अगली जनगणना में जाति गणना के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित करने और समय सीमा तय करने का बृहस्पतिवार को सरकार से आग्रह किया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग की थी

और इसके लिए पूरे देश में आंदोलन किया था और अब वे खुश हैं कि उन्होंने जो चाहा था वह हासिल कर लिया है। खरगे ने कहा, '' मैंने दो साल पहले जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने पर एक पत्र लिखा था पब तब वे सहमत नहीं हुए लेकिन अब सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत गणना कराने का निर्णय लिया है। यह अच्छी बात है और हम पूरा सहयोग करेंगे लेकिन उन्हें (भाजपा) जवाहरलाल नेहरू पर अनावश्यक रूप से टिप्पणी नहीं करनी चाहिए कि वह इसके विरोध में थे आदि-आदि।'' यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जन्म से ही आरक्षण के खिलाफ हैं और ऐसे लोग कांग्रेस पर जाति जनगणना के पक्ष में नहीं होने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, '' अगर हम जाति जनगणना के खिलाफ होते तो क्या मैंने दो साल पहले पत्र लिखा होता या फिर हम इसके लिए कई आंदोलन किए होते?

मोदी ने इच्छाशक्ति दिखाई : चिराग पासवान

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के केंद्र सरकार के फैसले के लिए

बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और विपक्षी दलों पर श्रेय लेने के लिए निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने इस मुद्दे का इस्तेमाल केवल वोटों के लिए 'राजनीतिक हथियार' के रूप में किया। चिराग ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''अगर इस फैसले का श्रेय किसी को दिया जाना चाहिए तो वह प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाना चाहिए। उनके पास ऐसा करने की इच्छाशक्ति थी।'' चिराग ने कहा, मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

लोकतांत्रिक क्रांति का पहला कदम : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने की केंद्र सरकार

की घोषणा का स्वागत करते हुए बृहस्पतिवार को इसे पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग) की महत्वपूर्ण जीत और सामाजिक न्याय पर आधारित राज्य की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने लखनऊ में एक प्रेस वार्ता में कहा कि यह सरकार पीडीए की ताकत से डरी हुई है।' उन्होंने कहा, ''हमें खुशी है कि सामाजिक न्याय पर आधारित राज्य बनाने की दिशा में एक कदम उठाया गया है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने जताया संकल्प

हम पहलगाम हमले में संलिप्त हर आतंकी को ढूंढ निकालेंगे : शाह

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को पहलगाम हमले में संलिप्त हर आतंकवादी को ढूंढने का संकल्प जताया और कहा कि उन सभी को इस जघन्य कृत्य के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार किसी भी आतंकवादी को नहीं बख्शेगी। उन्होंने यहां असम के बोडो समुदाय के प्रमुख नेता उपेंद्र नाथ ब्रह्मा की प्रतिमा का अनावरण और एक सड़क के नामकरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। गृह मंत्री ने कहा, ''पहलगाम में जिस किसी ने भी यह कायरतापूर्ण हमला किया है, हम किसी को भी नहीं छोड़ेंगे। हम हर दोषी को ढूंढ निकालेंगे।'' गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा, ''अगर कुछ लोग सोचते हैं कि इस तरह का कायराना हमला करके वे बच जाएंगे, तो वो गलत हैं। यह नरेन्द्र मोदी की सरकार है। हम किसी को नहीं छोड़ेंगे।'' शाह ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सरकार की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि यह खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता।

सफाई कार्य सफाई कार्य सफाई कार्य

उन्होंने कहा, ''यह मत सोचो कि 26 लोगों को मारकर तुम जीत गए हो। तुम में से हर किसी को जवाबदेह ठहराया जाएगा।'' इस कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोरो सहित अन्य लोग शामिल हुए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के लोकप्रिय पर्यटन शहर पहलगाम के पास बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 26 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

रूह अफ़ज़ा विवाद : 24 घंटे में हमदर्द के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो हटाएं बाबा रामदेव : अदालत

- इस पेय के खिलाफ उनके विवादास्पद 'शरबत जिहाद' वाले बयान को लेकर अवमानना का आरोप लगाया गया

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को योग गुरु रामदेव को आदेश दिया कि वे 'रूह अफ़ज़ा' के निर्माता हमदर्द को निशाना बनाने वाले एक आपत्तिजनक वीडियो को सोशल मीडिया मंच से 24 घंटे के भीतर हटा दें। यह आदेश तब दिया गया जब उन पर इस पेय के खिलाफ उनके विवादास्पद 'शरबत जिहाद' वाले बयान को लेकर अवमानना का आरोप लगाया गया। इससे पहले न्यायालय ने उन्हें आदेश दिया था कि वे भविष्य में हमदर्द सहित अन्य प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों से संबंधित कोई भी बयान या वीडियो पूर्व की तरह जारी या साझा नहीं करेंगे। हालांकि, बृहस्पतिवार को हमदर्द के वकील ने अदालत को बताया कि रामदेव ने फिर से आपत्तिजनक सामग्री वाला एक वीडियो प्रसारित किया है। इसके परिणामस्वरूप, रामदेव को हमदर्द और उसके उत्पादों से जुड़े वीडियो के आपत्तिजनक हिस्से को सभी सोशल मीडिया मंच और अन्य मीडिया मंच से 24 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया गया।

गेहूं की खरीद 250 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई, किसानों को 62155 करोड़ रुपये का भुगतान

नई दिल्ली (ब्यूरो.)। देश भर के प्रमुख राज्यों में रबी विपणन वर्ष (आरएमएस) 2025-26 के दौरान गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी है। आरएमएस 2025-26 के दौरान गेहूं की खरीद के लिए निर्धारित 312 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) के अनुमानित लक्ष्य की तुलना में अब तक केंद्रीय पूल में 256.31 एलएमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालयइस वर्ष 30 अप्रैल तक गेहूं की खरीद पिछले वर्ष के 30 अप्रैल तक की कुल खरीद 205.41 एलएमटी से अधिक हो चुकी है, जो 24.78 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। गेहूं की खरीद करने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों- पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक गेहूं की खरीद की है। आरएमएस 2025-26 के दौरान कुल 21.03 लाख किसान लाभान्वित हो चुके हैं, तथा कुल एमएसपी भुगतान 62155.96 करोड़ रुपये है।

गुणवत्ता जांचने 20 को लॉन्च होगा 'डिपो दर्पण'

नई दिल्ली। केंद्र सरकार आगामी 20 मई को 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च करने जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के खाद्यान्न भंडारण डिपो में उच्चतम गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी इस डिजिटल पहल का उद्घाटन करेंगे। इस 2,278 गोदामों को जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को सहूलियत होगी।

इस बार आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए

हैदराबाद। एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा

हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है घर में घुस के मारेंगे। अगर केंद्र सरकार इस बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है तो 'घर में घुस कर बैठ जाना'। पीओके हमारा है। सभी विपक्षी दल सरकार से कह रहे हैं कि इस बार आतंकवाद का खात्मा होना ही चाहिए।

धनखड़ ने बाध्यकारी कर्तव्य की याद दिलाई

संवैधानिक संस्थाएं अपनी सीमा में रहें तो बढ़ेगा परस्पर मान-सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ लखनऊ

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं का एक-दूसरे का सम्मान करना बाध्यकारी कर्तव्य है और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थान अपने-अपने दायरे में सीमित रहते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थाओं के टकराव से लोकतंत्र फलता-फूलता नहीं है। वे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही। उन्होंने वक्फ विधेयक को लेकर शीर्षकोर्ट के रुख का इशारा करते हुए कहा ,कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिसकी हम चर्चा नहीं कर सकते। जो चुनौती अपनों से मिलती है जिसका तार्किक आधार नहीं है। जिसका राष्ट्र विकास से संबंध नहीं है और जो राजकाज से जुड़ी हुई है।

समन्वय और सहभागिता के साथ वाद-विवाद हो

धनखड़ ने कहा कि जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो। राष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर टिप्पणी करना मेरे हिसाब से चिंतन का विषय है और मैंने इस बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। सभी संस्थाओं की अपनी-अपनी भूमिका है। हमें संविधान का उसकी मूल भावना में सम्मान करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि जिस तरीके से विधायिका विधिक फैसले नहीं ले सकती, यह न्यायपालिका का काम है, वैसे ही सभी संस्थाओं को अपने दायरे में सीमित रहना चाहिए।



खबर संक्षेप

शांति और सौहार्द के साथ न्याय चाहिए

करनाल। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के

लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से बत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

यूएस में रह रहा फई भगोड़ा अपराधी घोषित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की एक एनआईए अदालत ने अमेरिका में रह रहे 'लॉबिस्ट'

गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बडगाम में एनआईए के विशेष न्यायाधीश के माध्यम से डॉ. गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कराने में सफलता हासिल की है। वडवान निवासी फई फिलहाल अमेरिका में है और यूपीए मामले में आरोपी है।

द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा

सियोल। दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। हान ने कहा कि

उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। हान शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति युन सुक येओल ने देश के दूसरे अहम पद पीएम के रूप में नियुक्त किया था।

केन्या में विपक्षी नेता की गोली मारकर हत्या

नैरोबी। अफ्रीकी देश केन्या में विपक्षी नेता सांसद चार्ल्स वर की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर

दी गई। घटना राजधानी नैरोबी में घटी। पुलिस ने बताया कि हत्या की यह घटना सुनियोजित थी और विपक्षी सांसद को पूरी योजना के तहत निशाना बनाया गया। जिस वक्त चार्ल्स को गोली मारी गई, उस वक्त उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड भी था। हमलावर बाइक से आए थे।

अमेरिकी एजेंसी डीएससीए ने दी मंजूरी

भारत की सैन्य शक्ति होगी और मजबूत, अमेरिका से मिलेंगे 13.01 करोड़ डॉलर के सैन्य हार्डवेयर, रसद आपूर्ति सहायता भी मिली

डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए दूसरे देशों के सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों को आगे बढ़ाना है।

अमेरिका की विदेश नीति के तहत भारत एक प्रमुख रक्षा साझेदार

भारत ने 'सी-विजन सॉफ्टवेयर' और 'रिमोट सॉफ्टवेयर' भी मांगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत को अमेरिका से 13.01 करोड़ डॉलर के सैन्य हार्डवेयर मिलेंगे। अमेरिकी एजेंसी भारत को जरूरी रसद सहायता भी देगी। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन के तहत काम करने वाली एजेंसी डिफेंस सिक्युरिटी कॉर्पोरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को भी सूचित किया है। सैन्य हार्डवेयर और रसद आपूर्ति को मंजूरी ऐसे समय में मिली है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली सरकार और अमेरिकी प्रशासन भारत को सैन्य खरीद के लिए अमेरिका से और रिश्ते बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए दूसरे देशों के सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों को आगे बढ़ाना है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दिखेगा असर

इस प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। अमेरिका अपनी विदेश नीति के तहत एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा में सुधार करने में मदद कर रहा है। बता दें कि दोनों देश हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बने हुए हैं।

समुद्री क्षेत्र में बेहतर क्षमता हासिल करने का प्रयास

विदेश विभाग ने जिस 131 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत वाले जिस प्रस्ताव को मंजूरी दी है, इससे भारत को इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके लिए अमेरिका ने संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को भी मंजूरी दी है। भारत ने समुद्री क्षेत्र में बेहतर क्षमता विकसित करने के लिए अमेरिका से सी विजन दस्तावेजों और रसद से जुड़ी दूसरी चीजों तक पहुंच सुनिश्चित कराने की अपील भी की थी।

वर्जीनिया का ठेकेदार करेगा आपूर्ति

अमेरिका के मुताबिक भारत को सैन्य हार्डवेयर और रसद को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इससे बुनियादी सैन्य संतुलन में भी कोई बदलाव नहीं होगा। अमेरिकी रक्षा तैयारियों पर भी कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। आपूर्ति करने वाला मुख्य ठेकेदार वर्जीनिया के हर्नडन स्थित हॉकआई 360 होगा।

भारत-पाक में तनाव के बीच यूएस विदेश मंत्री ने जयशंकर और पीएम शरीफ को किया फोन

भारत की दो टूक, पहलगाम हमले के 'गुनहगारों' को सजा दिला कर रहेंगे

आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करेगा अमेरिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों में जुट गया है। इसके मद्देनजर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से फोन पर बात की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से बात की है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर दी। पोस्ट में

- यूएस रक्षा मंत्री हेगसेथ ने राजनाथ से की बात

इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ राजनाथ सिंह ने फोन पर बात की है। दोनों की बातचीत को लेकर रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर समझा जाता है कि दोनों नेताओं के बीच पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी वार्ता हुई है। इस आतंकी वारदात के पीछे पाकिस्तान की भूमिका है।

पाक ने 7वीं रात किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

पाकिस्तानी सैनिकों ने लगातार सातवीं रात नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और जम्मू कश्मीर के तीन सीमावर्ती जिलों के कई सेक्टर में बिना उकसावे के गोलीबारी की, वहीं भारतीय सेना ने पाकिस्तान की इस कार्रवाई का माकूल जवाब दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के मध्य बढ़ते तनाव के बीच मंगलवार को भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने हॉटलाइन पर बात की थी लेकिन इसके बावजूद गोलीबारी की गई।

पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से लाहौर और कराची वायुक्षेत्र में पाबंदी लगाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए मई महीने में कराची और लाहौर हवाई क्षेत्र के कुछ खास हिस्सों को प्रतिदिन चार घंटे के लिए बंद रखने की घोषणा की है और देश के सभी हवाई अड्डों को 'हाई अलर्ट' पर रखा है। यहां बृहस्पतिवार को मीडिया में छपी खबर में यह जानकारी दी गई। यह घटनाक्रम पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच बढ़े तनाव तथा नई दिल्ली द्वारा जवाबी कार्रवाई की आशंका के बीच हुआ है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र ने एक आधिकारिक नोटिस के हवाले से खबर दी, ''संबंधित हवाई क्षेत्र एक मई से 31 मई के बीच स्थानीय समयानुसार प्रतिदिन तड़के 4:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक बंद रहेगा।' नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) ने कहा कि बंद होने से वाणिज्यिक उड़ानों के संचालन में कोई खास बाधा नहीं आएगी, क्योंकि प्रतिबंधित घंटों के दौरान विमानों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। हवाई क्षेत्र के बारे में यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही पाकिस्तान की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने सुरक्षा कारणों से गिलगित, स्कार्दू और पाक के कब्जे वाले कश्मीर के अन्य उत्तरी क्षेत्रों से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी थीं।

ब्रिटेन अपने दोस्त भारत की मदद के लिए खड़ा हो

लंदन। ब्रिटेन की भारतीय मूल की सांसद प्रीति पटेल ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और अपनी सरकार से अपील की कि ब्रिटेन को अपने दोस्त भारत के साथ इस मुश्किल समय में खड़ा होना चाहिए और दोनों देशों के आतंक के खतरे से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। प्रीति पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। यह एक आतंकी घटना थी और हमें इसे वो ही बताना चाहिए, जो ये है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया आभार

पहलगाम आतंकी हमले के बाद कुवैत ने दिखाई एकजुटता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से फोन पर बातचीत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद कुवैत द्वारा दिखाए गए समर्थन और एकजुटता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। यह हमला जम्मू-कश्मीर के बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों को निशाना बनाकर किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से बात कर खुशी हुई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उनके समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया।

फाइल फोटो

...अब पाकिस्तान की खैर नहीं

आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और मिस्र



एजेंसी ▶▶ काहिरा

पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा की जा रही है। पाकिस्तान की लगातार मुश्किलें बढ़ रही हैं। अब भारत और मिस्र ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की तैयारी की है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

काहिरा में आतंकवाद रोकने को लेकर भारत-मिस्र संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक में दोनों देश आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्र ने हिंसा के सभी रूपों का सामना करने में भारत के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। भारत और मिस्र ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और क्षेत्रों में आतंकवादी खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

नई तकनीक का उपयोग करेंगे

भारत और मिस्र ने आतंकवाद के लिए तकनीक के उपयोग और क्रिप्टोकरेंसी, मानव रहित हवाई प्रणालियों सहित आतंकवाद के वित्तपोषण और आतंकवादियों द्वारा साइबरस्पेस के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने धन शोधन विरोधी प्रयासों, मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई।

रक्षा सहयोग को करेंगे मजबूत

भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल काहिरा के दौरे पर है। इसमें एचएएल, बीईएल, बीडीएल के सीएमडी समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के वायु रक्षा प्रमुख, एओआई के चेयरमैन और मिस्र की वायुसेना के चीफ ऑफ स्टाफ से मुलाकात की।

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर गरजा भारत

कहा- आतंकवाद अस्वीकार्य, चाहे कुछ भी शिकायत हो, हम शांति स्थिरता चाहते

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने फिलिस्तीन पर एक बहस के दौरान सुरक्षा परिषद को

बताया कि भारत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता देखना चाहता है और हम इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है, चाहे शिकायत कुछ भी हो, इसका समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही किया जाना चाहिए।

बंधकों को रिहा करें

पी. हरीश ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से हिंसा छोड़ने, बंधकों को रिहा करने तथा वार्ता के रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान करता है, ताकि सभी लोग सामान्य जीवन जी सकें। संघर्ष को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है तथा इजराइल और फिलिस्तीन को संप्रभु राष्ट्र के रूप में एक साथ रहने का द्वि-राज्य समाधान 'स्थायी और सतत शांति' का सूत्र है।

एक ही दिन दो बड़ी नियुक्तियां

एयर मार्शल दीक्षित ने संभाला सीआईएससी का कार्यभार, त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आशुतोष दीक्षित

तेजिंदर सिंह

वायु सेना के वरिष्ठ फाइटर पायलट एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने गुरुवार को चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उन्हें दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन्स में त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इससे पहले एयर मार्शल दीक्षित मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे, जहां उन्होंने उत्तर भारत और मध्य क्षेत्र में परिचालन तैयारियों को सशक्त बनाने में योगदान दिया है।

सिंह ने प्रशिक्षण कमान का नेतृत्व संभाला

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना की प्रशिक्षण कमान के प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वे इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल सिंह ने मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में औपचारिक सलामी गारद का निरीक्षण किया और वहां युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर मार्शल सिंह ने जून 1987 में कमीशन प्राप्त किया था करीब 4,500 घंटों से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव है।

परमाणु वार्ता स्थगित होने पर ट्रंप की धमकी

बंद हो ईरानी तेल खरीद, जो खरीदेगा उस पर लगाएंगे नए प्रतिबंध : डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि ईरानी तेल या पेट्रोकेमिकल उत्पादों की सभी खरीद बंद होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जो भी देश ईरान से तेल या कोई भी उत्पाद खरीदेगा तो उस पर तुरंत नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ईरान से तेल खरीदने वालों को किसी भी तरह से अमेरिका के साथ व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ट्रंप का यह बयान अमेरिका और ईरान के बीच चौथे दौर की परमाणु वार्ता स्थगित होने के बाद आया है। ईरान और अमेरिका के बीच इस सप्ताह के अंत में होने

- ईरान और अमेरिका के बीच इस सप्ताह के अंत में होने वाली परमाणु वार्ता हुई स्थगित

वाली परमाणु वार्ता स्थगित हो गई है। ओमान ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ओमानी विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, लॉजिस्टिक कारणों से शनिवार 3 मई को होने वाली अमेरिका-ईरान बैठक स्थगित हो रही है। नयी तिथियों की घोषणा आपसी सहमति से जल्द की जाएगी। बता दें कि अल-बुसैदी अब तक तीन दौर की हो चुकी वार्ता में मध्यस्थता की भूमिका निभा रहे हैं।

अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला

29 मई को 14 दिन के मिशन पर जाएंगे, पूरी की ट्रेनिंग

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय होंगे, नासा, मस्क की स्पेसएक्स और इसरो का संयुक्त मिशन

वॉशिंगटन (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास रचने और अपने पहले अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए तैयार हैं। दरअसल शुभांशु शुक्ला समेत पूरे एक्जियोम-4 क्रू के सदस्यों ने कैलिफोर्निया में स्पेसएक्स के साथ अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। शुभांशु शुक्ला की मॉक ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में उसी सूट में ट्रेनिंग हुई, जिसे पहनकर वे 29 मई 2025 को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु शुक्ला, एक्जियोम स्पेस के एक निजी मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाएंगे। यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के सहयोग से किया जा रहा है।

रात करीब 10:33 बजे उड़ान भरेंगे : क्रू के सदस्य स्पेसएक्स के शक्तिशाली रॉकेट फाल्कन-9 रॉकेट से नासा के फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से 29 मई की रात करीब 10.33 बजे उड़ान भरेंगे।

गगनयान मिशन का भी हिस्सा होंगे शुभांशु

शुक्ला को 2019 में भारत के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था। इस मिशन पर उनके साथ ही भारत के तीन और अंतरिक्षयात्री जाने वाले हैं। शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कोस्मोनोट ट्रेनिंग सेंटर और इसके बाद बेंगलुरु में इसरो के प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में एस्ट्रोनोट ट्रेनिंग पूरी की।

आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे

एक्जियोम-4 मिशन के तहत शुक्ला आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे। इन एक्सपेरीमेंट्स को भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें स्क्रीन के इस्तेमाल के वक्त मस्तिष्क पर पड़ने वाले कॉगनिटिव इफेक्ट का अध्ययन, माइक्रोबियल एडेप्टेशन , मसल एट्रोफी, माइक्रोग्रेविटी में फसल रेजिलिएंस का अध्ययन शामिल है।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सलवाद के खिलाफ बड़ा अभियान

शान से लहराया तिरंगा, करेंगुट्टा पहाड़ी को पूरी तरह से सुरक्षा बलों ने नियंत्रण में लिया

एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ी का इलाका एक समय नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों का यह किला भी ढहा दिया और करेंगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहरा दिया है। बीते नौ दिनों से जारी ऑपरेशन करेंगुट्टा अभी भी जारी है। करेंगुट्टा पहाड़ी पर ही

नक्सलियों के शीर्ष नेता जैसे हिडमा, देवा, दामोदर, आजाद और सुजाता का ठिकाना था, लेकिन अब इस पर पूरी तरह से सुरक्षाबलों का नियंत्रण हो गया है और तिरंगा शान से लहरा रहा है।

अभियान में 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए

बीते 9 दिनों से ऑपरेशन करेंगुट्टा देश में उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए सबसे बड़े ऑपरेशन में से एक है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन में करीब 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। इनमें डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ समेत राज्य पुलिस की सभी यूनिट के जवान, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवान शामिल हुए। साथ ही हेलीकॉप्टर, ड्रोन यूनिट के जरिए पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25